राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-161
लखनऊ, सोमवार 29 जनवरी, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में खेल की भूमिका अहम : एके शर्मा 03

लापरवाही : इलाज के दौरान नवजात की मौत 02


## पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से उत्तर प्रदेश में बारिश के आसार

समृद्धि न्यूज

▸ पहाड़ों पर बर्फबारी से प्रदेश में फिर बढ़ेगी सर्दी

**कानपुर।** हवाओं की दिशाएं बदलने से दिन के तापमान में कुछ बढ़ोत्तरी हुई और धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत भी मिली, लेकिन यह स्थिति 48 घंटे तक ही सीमित रही।

मौसम विभाग का कहना है कि पहाड़ों पर पश्चिम विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है जिससे पहाड़ों पर बर्फबारी होगी और हवाओं की दिशाएं बदलने से उत्तर प्रदेश में सर्दी फिर बढ़ेगी। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि 31 जनवरी से एक पश्चिमी विक्षोभ के पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। वहीं विदर्भ और इससे सटे मराठवाड़ा पर प्रति चक्रवात बना हुआ है। पहाड़ों में भारी बर्फबारी और भारी बारिश होने की संभावना है। ये विक्षोभ उत्तर भारत में एक चक्रवाती परिसंचरण बना सकते हैं, जिससे 3 से 5 फरवरी के बीच पंजाब, हरियाणा और कानपुर मण्डल और लखनऊ तक बादलों के साथ हल्की बारिश एवं उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में तेज बारिश भी हो सकती है तथा कुछ स्थानों पर ओले भी गिर सकते हैं।

## स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय के साथ मिलेगा योजनाओं का लाभ

### मुख्यमंत्री योगी ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास व लोकार्पण

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि स्वच्छताकर्मियों को न्यूनतम मानदेय की गारंटी हरहाल में मिलनी चाहिए। स्वच्छताकर्मियों के गारंटीड मानदेय के लिए पहले ही एक कमेटी गठित कर रखी गई है और शीघ्र ही इस पर ठोस कदम उठाए जाएंगे। स्वच्छताकर्मियों के लिए आवास और जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

सीएम योगी रविवार पूर्वाह्न नगर निगम की तरफ से आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा और सम्मान सम्मलेन एवं विभिन्न विकास परियोजनाओं के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। अभयनंदन इंटर कॉलेज के मैदान पर हुए इस कार्यक्रम के मंच से मुख्यमंत्री ने सफाई मित्रों हेतु ई-सेवा पोर्टल, दस लाख रुपये तक की दुर्घटना बीमा सुविधा एवं कल्याण कोष का शुभारंभ किया। कल्याण कोष से चार सफाई मित्रों के आश्रितों को सहायता राशि का चेक प्रदान किए। सफाई मित्रों एवं वाहन चालकों को यूनिफॉर्म, लंच बॉक्स वितरित किए और डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री ने नगर निगम की 116 करोड़ रुपये की लागत वाली 176 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अयोध्या में पांच सौ वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का मंदिर बना है, उनकी प्राण प्रतिष्ठा हुई है तो वहीं गोरखपुर की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि स्वच्छता कर्मियों को न्यूनतम मानदेय के साथ आवासीय सुविधा भी मिलनी चाहिए।

**सीएम के विजन से ब्रांड बना गोरखपुर**



सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि सीएम योगी के विजन से गोरखपुर एक ब्रांड बन गया है। रामगढ़ताल और उसके आसपास का क्षेत्र फॉरेन कंट्री सा लगता है। विकास के साथ सफाई के मामले में भी गोरखपुर नजीर पेश कर रहा है। उन्होंने सफाई मित्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कहा कि पीएम मोदी भी सफाईकर्मियों के चरणों का वंदन करते हैं। स्वागत संबोधन में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव ने नगर निगम की उपलब्धियों और परियोजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आभार ज्ञापन विधायक विपिन सिंह ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, एमएलसी डॉ धर्मेंद्र सिंह, पूर्व महापौर अंजू चौधरी, डॉ. सत्या पांडेय, भाजपा के महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### मस्कट व दम्माम के लिए सीधी उड़ान लखनऊ से

**लखनऊ।** लखनऊ से मस्कट और दम्माम जाने वालों के लिए अच्छी खबर है। अब यहां के लिए लखनऊ से उड़ान सेवा शुरू होगी। एयर इंडिया दोनों जगहों के लिए लखनऊ से सीधी उड़ान सेवा शुरू करने जा रहा है। इसमें मस्कट की फ्लाइट जहां प्रतिदिन उड़ेगी वहीं दम्माम के लिए जाने वाली फ्लाइट को सप्ताह में चार दिन ही चलाया जाएगा। अभी तक फ्लाइट की कमी के कारण दोनों ही जगहों पर जाने वाले यात्रियों को कनेक्टिंग फ्लाइट के माध्यम से जाना पड़ता था। 15 मार्च से यह सेवा शुरू होगी। एयर इंडिया ने दोनों ही जगह के लिए सीधे शेड्यूल जारी किया है। इसकी बुकिंग भी शुरू हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि लखनऊ से मस्कट के लिए उड़ान सुबह साढ़े सात बजे उड़ेगी और साढ़े नौ बजे मस्कटर में उतरेगी। मस्कट से रात 10.35 बजे उड़ान भरकर लखनऊ में दोपहर साढ़े तीन बजे लैंड करेगी। जबकि दम्माम के लिए लखनऊ से शाम 07.50 बजे उड़ान भरकर दम्माम में रात साढ़े दस बजे उतरेगी।

### कार-ट्रक की टक्कर, छह लोगों की मौत

**चेन्नई ।** तमिलनाडु के तेनकासी में रविवार तड़के एक कार और सीमेंट से भरे ट्रक की आमने-सामने से टक्कर हो गई। दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान तेनकासी जिले के पुलियानगुडी निवासी कार्तिक, वेल मनोज, सुब्रमणि, मनोकरन, मुथुसेल्वन और बोथिराज के रूप में हुई है। सभी स्नान करने के लिए कुट्रालम गए थे और स्नान के बाद अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान सिंगिलिपट्टी और पुन्नैयापुरम इलाकों के बीच उनकी कार की सीमेंट से भरे एक ट्रक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक टीपी सुरेशकुमार ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और उन्होंने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

### पहले टेस्ट में भारत की हार इंग्लैंड 28 रन से जीता

**हैदराबाद।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज का पहला मुकाबला इंग्लैंड ने 28 रन से जीत लिया। हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में इंग्लैंड ने पहली पारी में 246 रन बनाए थे। इसके जवाब में भारत ने 436 रन बनाकर 190 रन की बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने 420 रन बनाए और भारत के सामने 231 रन का लक्ष्य रखा। इसके जवाब में टीम इंडिया 202 रन पर सिमट गई और मैच हार गई।

### अध्यापक को कमरे में बंद कर जिंदा जलाया


**कानपुर।** पनकी थाना क्षेत्र के पतरसा में कानपुर देहात में तैनात अध्यापक को कमरे में बंद कर जिंदा जला दिया गया। अध्यापक ने घटना की जानकारी अपने भाई को दी और उसने पुलिस को सूचित किया, लेकिन जब तक पुलिस पहुंचती तब तक अध्यापक दम तोड़ चुका था। पुलिस उपायुक्त पश्चिम विजय ढुल ने रविवार को बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि पतरसा में संजीव कुमार ने फतेहपुर निवासी व कानपुर देहात में तैनात अध्यापक दयाराम (48) को कमरे में बंद कर दिया है और आग लगा दी। पुलिस फौरन पहुंची लेकिन तब तक अध्यापक की मौत हो चुकी थी।

### प्रधानमंत्री मोदी ने उच्चतम न्यायालय के हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा

## सुप्रीम कोर्ट ने लोकतंत्र को किया सशक्त

▸ न्यायालयों में सुविधाएं बढ़ाना सरकार की प्राथमिकता : मोदी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उच्चतम न्यायालय को भारत के जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त बनाने और संविधान निर्माताओं के सपनों को साकार करने का लगातार प्रयास करने वाला बताते हुए रविवार को कहा कि केंद्र सरकार समाज के हर तबके तक सुलभ तरीके से न्याय पहुंचाने के लक्ष्य के तहत शीर्ष अदालत के साथ-साथ अन्य न्यायालयों में ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में हर संभव मदद करेगी।

श्री मोदी ने उच्चतम न्यायालय के हीरक जयंती के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, भारत के संविधान निर्माताओं ने स्वतंत्रता, समानता और न्याय के सिद्धांतों वाले स्वतंत्र भारत का स्वप्न देखा था। भारत के उच्चतम न्यायालय ने इन सिद्धांतों के संरक्षण का निरंतर प्रयास किया है। श्री मोदी ने कहा, अभिव्यक्ति की आजादी हो, व्यक्तिगत स्वतंत्रता हो, सामाजिक न्याय, सर्वोच्च न्यायालय ने भारत की जीवंत लोकतंत्र को निरंतर सशक्त किया। प्रधानमंत्री ने सशक्त न्याय व्यवस्था को विकसित भारत का आधार बताते हुए कहा कि न्यायालयों में आधुनिक प्रौद्योगिकी के साथ-साथ अन्य ढांचागत आधुनिक सुविधाएं बढ़ाना उनकी सरकार की प्राथमिकता रही है। इसी दिशा में पिछले कुछ वर्षों में 7000 करोड़ से अधिक की राशि दी गई। उन्होंने कहा कि पिछले सप्ताह 800 करोड़ रुपए खर्च करने की मंजूरी मंत्रिमंडल ने दी। इस राशि से उच्चतम न्यायालय की सुविधाओं के विस्तार करने में खासी मदद मिलेगी।

### पद्म सम्मान मिलने की प्रक्रिया में आया बड़ा बदलाव

**पीएम मोदी ने 'मन की बात की 109वीं कड़ी को किया संबोधित**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पद्म सम्मान पाने वाली हस्तियों को शुभकामनाएं देते हुए रविवार को कहा कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान मिलने के सिस्टम में बड़ा बदलाव आया है और पद्म सम्मान के प्रति लोगों का भाव भी बदला है। श्री मोदी ने आकाशवाणी से प्रसारित अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात की 109वीं कड़ी में कहा कि जो लोग निस्वार्थ भावना के साथ समाज को, देश को, सशक्त करने का काम कर रहे हैं, उन्हें पद्म सम्मान से सम्मानित करने का तरीका बदला है और यही वजह है कि अब इस सम्मान के लिए लोग बड़ी संख्या में अपने विशिष्ट कार्यों के साथ खुद आगे आकर पद्म सम्मान के लिए नामांकन कर रहे हैं। मुझे इस बात की बहुत खुशी है कि पिछले एक दशक में पद्म सम्मान का सिस्टम पूरी तरह से बदल चुका है। अब इसमें लोगों के पास खुद को भी नामांकित करने का मौका रहता है। यही वजह है कि इस बार 2014 की तुलना में 28 गुना ज्यादा नामांकन प्राप्त हुए हैं। इससे पता चलता है कि पद्म सम्मान की प्रतिष्ठा, उसकी विश्वसनीयता, उसके प्रति सम्मान हर वर्ष बढ़ता रहा है।

## बंद कमरे में मिले एक ही परिवार के पांच लोगों के जले हुए शव

समृद्धि न्यूज

▸ घटनास्थल पर पहुंचे एसएसपी, जांच में जुटी पुलिस

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में स्थित एक घर के कमरे में दंपति समेत पांच लोगों के शव रविवार को संदिग्ध हालात में मिले हैं। सभी शव जले हुए थे। हैरत की बात यह है कि कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जताई है। मुख्यमंत्री योगी ने संबंधित अधिकारियों को इस घटना की निष्पक्ष जांच के आदेश दिए हैं।

आईजी डॉ. राकेश सिंह और एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की। एसएसपी चंद्रभान ने पत्रकारों को बताया कि हलवाई का काम करने वाला अजय कुमार गुप्ता उर्फ टिंकल (35) किराये के मकान में पत्नी अनिता (32), बेटे दिव्यांश (09) एवं दक्ष (03) और बेटी दिव्यंका (06) के साथ रहते थे।

स्थानीय लोगों ने रविवार सुबह देखा कि अजय के दरवाजे पर ताला लगा हुआ है और कमरे से धुआं निकल रहा है। इस पर उन्होंने फौरन पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर देखा तो कमरे में पूरा धुआं भरा हुआ था और पांच शव जले पड़े थे। इस मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इधर घटना की जानकारी पर पहुंचे परिवार के लोगों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। एसएसपी चंद्रभान ने बताया कि फिलहाल पुलिस घटनास्थल का जायजा लेकर आग लगने के कारणों का पता लगा रही है। सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### पेटीएम के जरिए पेट्रोल पंप मालिक से 22 लाख ठगे, दो गिरफ्तार

**कानपुर।** कानपुर में पेटीएम के जरिए पेट्रोल पंप मालिक से 22 लाख रुपये की ठगी करने वाले दो शातिर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों ही पेट्रोल पंप के शातिर कर्मचारी थे और उनके पास से 10 लाख रुपये की बरामदगी भी हुई है। अपर पुलिस उपायुक्त अपराध मनीष सोनकर ने रविवार को घटना का खुलासा करते हुए बताया कि कानपुर के थाना बर्रा निवासी रामनरेश अवस्थी का मंधना बिठूर रोड पर नीलम पेट्रोल पंप है। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके खाते से 22 लाख रुपये की हेराफेरी हो गयी है। 27 जनवरी को पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कारवाई करते हुए क्राइम ब्रांच पुलिस ने छानबीन शुरू करी तो पता चला कि उनके पेट्रोल पंप में काम करने वाले कर्मचारी हरिओम पाल और अन्नू पाल ने ही 22 लाख की हेराफेरी की है। एडीसीपी क्राइम मनीष सोनकर ने बताया कि पेट्रोल पंप में लोग पेट्रोल डलाने जाते हैं और पेटीएम का बारकोड स्कैन कर पेमेंट कर देते हैं।

## हूती उग्रवादियों की मिसाइल से ब्रिटिश जहाज में लगी आग भारत ने बुझाई

एजेंसी

▸ 22 भारतीयों समेत 23 सदस्यीय चालक दल को बचाया

**नई दिल्ली।** हूती उग्रवादियों का शिकार हुए ब्रिटिश जहाज में लगी आग 6 घंटे में बुझाकर भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अदन की खाड़ी में अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है। नौसेना ने अपने निर्देशित मिसाइल विध्वंसक विशाखापत्तनम के जरिये जहाज पर सवार 23 सदस्यीय चालक दल को बचाया, जिसमें 22 भारतीय थे।

ब्रिटिश एमवी मार्लिन लुआंडा जहाज पर हूती उग्रवादियों के मिसाइल हमले से लगी आग इतनी भीषण थी कि जहाज के चालक दल ने जिंदा रहने की उम्मीद छोड़ दी थी। नौसेना के कमांडर विवेक मधवाल के मुताबिक़ हूती उग्रवादियों की बढ़ती गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए अदन की खाड़ी में तैनात किये गए निर्देशित मिसाइल विध्वंसक आईएनएस विशाखापत्तनम को 26 जनवरी की रात में ब्रिटिश जहाज एमवी मर्लिन लुआंडा पर हमले की जानकारी मिली। इस पर तत्काल भारतीय जहाज ने संकट कॉल का जवाब दिया। इस ब्रिटिश जहाज एमवी मार्लिन लुआंडा पर चालक दल के रूप में 22 भारतीय और 01 बांग्लादेशी सवार थे। हूती उग्रवादियों के मिसाइल हमले से जहाज पर इतनी भीषण आग लग गई थी कि जहाज के चालक दल ने जिंदा रहने तक की उम्मीद छोड़ दी थी। हालांकि, इस बीच एक अमेरिकी और फ्रांसीसी युद्धपोत ने भी संकट कॉल का जवाब दिया, लेकिन इस बीच भारतीय नौसेना का निर्देशित मिसाइल विध्वंसक विशाखापत्तनम ब्रिटिश जहाज की मदद करने के लिए पहुंच गया।

### पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल, कई अफसरों के तबादले

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महकमे में योगी सरकार ने बड़ा फेर बदल कर दिया है। एक साथ 8 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं वहीं 39 डिप्टी एसपी और 18 एडिशनल एसपी के ट्रांसफर किए गये हैं। तबादला हुए सभी सभी अधिकारियों की सूची भी जारी कर दी गई है। 8 आईपीएस अधिकारियों में आईपीएस अभिनव त्यागी एएसपी कुशीनगर, आईपीएस आदित्य बंसल बने एएसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर, आईपीएस चिराग जैन बने एएसपी ग्रामीण आजमगढ़,आईपीएस विक्रम दहिया बने एएसपी पीलीभीत, आईपीएस अनुकृति शर्मा बनी एएसपी संभल,आईपीएस अभिजीत कुमार बने एएसपी फतेहपुर,आईपीएस मानुष पारिक बने एएसपी अम्बेडकरनगर, आईपीएस मनोज कुमार रावत बने एएसपी गोण्डा, एडिश्नल एसपी में अभिनव त्यागी एएसपी कुशीनगर बनाए गए।


विस्तृत खबर पेज 3 पर...


## मनरेगा में अब नहीं हो सकेगा कोई खेल, नरेगा मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम लाएगी पारदर्शिता

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशन में मनरेगा योजना के क्रियान्वयन में और अधिक पारदर्शिता लाने की तैयारी की गई है। इसके लिए नरेगा मोबाइल मानिटरिंग सिस्टम (एनएमएमएस) से मनरेगा श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को ऑनलाइन फीड किया जा रहा है। इस सिस्टम को तकनीकी दृष्टि से और अधिक मजबूत किया गया है। इसके जरिए मनरेगा में श्रमिकों की उपस्थिति में पारदर्शिता पर विशेष फोकस किया जा रहा है।





ग्राम्य विकास विभाग की ओर से श्रमिकों की ऑनलाइन अपलोड की गई उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स के विवरण को देखने के लिए नरेगा की अधिकारिक वेबसाइट nrega.nic.in के होम पेज NMMS App view attendance नामक बटन उपलब्ध कराया गया है। कार्यस्थल पर श्रमिकों की उपस्थिति एवं फोटोग्राफ्स को सिस्टम में निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप अपलोड कराने के निर्देश सभी जिला कार्यक्रम समन्वयक (मनरेगा) को दिए गए हैं। निर्देश दिए गए हैं कि कार्मिको द्वारा कार्यस्थल के लिए जारी प्रत्येक मस्टररोल के लिए दो फोटो (एक-एक क्रमशः पूर्वाहन व अपराह्न में) एनएमएमएस पर अपलोड की जाएंगी। फोटोग्राफ लेते समय श्रमिकों की कुल संख्या स्पष्ट दिखे व उनकी मुख-दिशा कैमरे की ओर रहे।

एनएमएमएस एप प्रयोगकर्ता को यह सुनिश्चित करना होगा कि कार्य स्थल पर उपस्थित श्रमिकों की संख्या एवं अपलोड की गई फोटोग्राफ्स में प्रदर्शित श्रमिकों की संख्या में भिन्नता ना हो। ऐसे स्थल से फोटो लें, जहां से समस्त श्रमिकों की उपस्थिति परिलक्षित हो सके।

**दोषियों के विरुद्ध होगी कार्रवाई**

कार्यस्थल का स्वरूप व सीआईबी बोर्ड स्पष्ट रूप से फोटो में प्रदर्शित होना आवश्यक है। कैमरा के लैंडस्केप मोड में ही फोटो ली जाए, पोरट्रेट मोड में नहीं। सेल्फी फोटो न ली जाए। फोटो लेते समय मोबाइल कैमरा का लेंस बिल्कुल साफ रहे तथा पर्याप्त सूर्य प्रकाश में ही फोटो ली जाए। प्रत्येक दशा में पूर्व में ली गई फोटो की फोटो खींचकर अपलोड न किया जाए।

> योजना के क्रियान्वयन में श्रमिकों की उपस्थिति में पारदर्शिता पर विशेष बल दिया जा रहा है। एनएमएमएस एप के माध्यम से अपलोड की गई श्रमिकों की उपस्थिति के फोटोग्राफ्स में यदि त्रुटियां अथवा कमियां परिलक्षित हुईं तो संबंधित कार्मिक के विरूद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
>
> ग्राम्य विकास आयुक्त

उथल-पुथल

### नीतीश के शपथ लेने के बाद बिहार की राजनीति में आया बड़ा भूचाल

## नौंवी बार नीतीश ने ली बिहार के सीएम पद की शपथ


एजेंसी



**पटना।** बिहार में नीतीश कुमार ने एक बार फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। बिहार में नीतीश ने रविवार को मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था जिसके बाद बिहार की राजनीति में बड़ा भूचाल आया था। राज्यपाल राजेंद्र आरलेकर को राज भवन पहुंचकर नीतीश कुमार ने अपना इस्तीफा सौंपा था।

इस्तीफा सौंपने के बाद नीतीश कुमार की पार्टी जदयू ने भाजपा के साथ गठबंधन कर नई सरकार का गठन किया है। ये नौवीं बार है जब नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इसी के साथ बिहार में एक बार फिर से सत्ता परिवर्तन हो गया है। नीतीश कुमार को बिहार में एनडीए का प्रमुख भी नियुक्त किया गया है। इसके बाद एक बार फिर से नीतीश कुमार ने बिहार में मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण कर ली है। यानी जदयू के चीफ ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बता दें कि रविवार को राजभवन में नीतीश कुमार ने नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इस शपथ ग्रहण समारोह में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी समेत कई बड़े नेताओं ने शिरकत की है। इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री के अलावा कैबिनेट में शामिल होने के लिए कुल 8 मंत्रियों ने भी शपथ ली है। वही सम्राट चौधरी ने भी उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। उनके साथ ही विजय सिन्हा ने भी राज्य के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है। इनके अलावा डॉ. प्रेम कुमार (बीजेपी), विजय कुमार चौधरी (जेडीयू), बिजेंद्र प्रसाद यादव (जेडीयू), श्रवण कुमार (जेडीयू) संतोष कुमार सुमन (हम) मंत्री पद के लिए शपथ ग्रहण किया है।

> कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे खड़गे ने इस दौरान कहा कि देश में कई लोग ऐसे हैं जो आया राम गया राम है। उन्होंने कहा कि 5 दिन पहले राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने जदयू के महागठबंधन से बाहर निकलने की योजना के बारे में बताया था। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि उन्हें नीतीश के इस कदम का अंदेशा पहले से ही था।
>
> मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष



> नीतीश कुमार के मुख्यमंत्री पद के शपथ ग्रहण के बाद पत्रकारों से बातचीत में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि आने वाले चुनाव में एनडीए बिहार में क्लीन स्वीप करेगी। उन्होंने दावा कि विधानसभा चुनाव में भी एनडीए की जीत होगी।
>
> जेपी नड्डा, भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष



> नीतीश को बिहार के सीएम और सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने पर हार्दिक बधाई ! बिहार में बनी डबल इंजन की सरकार प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में राज्य में सेवा, सुशासन व विकास के उत्कृष्ट मानक स्थापित करेगी।'
>
> योगी आदित्यनाथ, सीएम उत्तर प्रदेश

## वन नेशन वन लेजिस्लेटिव प्लेटफॉर्म के सपने को किया जाएगा साकार

एजेंसी



**मुंबई।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने रविवार को कहा कि आम नागरिकों को विधायिकाओं के साथ प्रभावी रूप से जोड़ने के उद्देश्य से 'वन नेशन वन लेजिस्लेटिव प्लेटफॉर्म' के सपने को साकार किया जाएगा।

लोकसभा अध्यक्ष बिरला ने रविवार को 84वां अखिल भारतीय पीठासीन अधिकारी सम्मेलन (एआईपीओसी) को वीडियो के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र जनता के विश्वास और भरोसे पर चलता है, इसलिए यह लोकतांत्रिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है कि वे अपनी कार्यशैली में आवश्यक बदलाव लाएं। यदि आवश्यक हो तो नियमों में संशोधन भी करें, ताकि इन संस्थाओं में जनता का विश्वास बढ़े। विधायी निकायों की सर्वोत्तम प्रथाओं का उल्लेख करते हुए ओम बिरला ने केंद्र, राज्य और जमीनी स्तर की लोकतांत्रिक संस्थाओं के बीच संवाद स्थापित करने के सुझाव की सराहना की। विधानमंडलों को अधिक प्रभावी और कुशल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग पर जोर देते हुए ओम बिरला ने कहा कि लोक सभा को एक मॉडल आईटी नीति बनाने और उन्हें राज्य विधायी निकायों के साथ साझा करने के लिए कुछ राज्य विधानमंडलों से सुझाव मिले हैं।

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, सोमवार, 29 जनवरी, 2024



# कार्रवाई : एलडीए ने निर्माणाधीन मकानों व दुकानों को किया सील

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है। जोन-2 और 5 में 20 से अधिक निर्माणाधीन मकान व दुकानों पर एलडीए ने कार्रवाई की है। इन अवैध मकान व दुकानों को सील कर दिया गया है।

बताया जा रहा है कि जोन-2 में लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने 20 रो हाउस पर कार्रवाई करते हुए इसको सील कर दिया है। इन मकानों का निर्माण अमरनाथ सिंह नाम के व्यक्ति द्वारा कराया जा रहा है। एलडीए के अधिकारियों की माने तो बिल्डर की तरफसे इन मकानों का अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा था। जिसके चलते यह कार्रवाई हुई है। यह रो हाउस सरोजनी नगर के बिजनौर में स्थित है। इसके अलावा लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दल ने इंदिरा नगर स्थित तकरोही बाजार में भी सीलिंग की कार्रवाई की है। तकरोही रोड पर स्थित एक 1500 स्क्वायर फीट के प्लाट पर अवैध निर्माण की शिकायत लखनऊ विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को मिली थी। शिकायत की जांच में मामला सही पाए जाने पर प्लॉट पर हो रहे निर्माण कार्य को रोक दिया गया है। इसके अलावा तकरोही बाजार में ही व्यावसायिक उपयोग के लिए हो रहे निर्माण पर भी एलडीए ने कार्रवाई की है।

## अखिलेश ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए पेश किया गठबंधन का मॉडल : सपा

**लखनऊ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इस्तीफा देने और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के समर्थन से फिर सरकार बनाने के ताजा घटनाक्रम के बीच, समाजवादी पार्टी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने भाजपा का मुकाबला करने के लिए गठबंधन का एक मॉडल पेश किया है और दूसरों को इसका अनुसरण करना चाहिए। सपा प्रवक्ता अमीक जामेई ने कहा, ''जो चुनाव होने जा रहे हैं वह धर्मनिरपेक्ष लोकतंत्र को बचाने के लिए हैं। हमारी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने कांग्रेस और राष्ट्रीय लोकदल के साथ सीट बंटवारे की घोषणा करके एक मॉडल पेश किया है। कांग्रेस के साथ दूसरे दौर की बातचीत चल रही है। भाजपा को हटाने के लिए सभी को इसका पालन करना चाहिए।

# शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य में खेल की भूमिका अहम

## ऊर्जा मंत्री ने किया 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने आज लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में उत्तर प्रदेश पावर सेक्टर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय 45वीं अखिल भारतीय विद्युत परिषद पावरलिफ्टिंग एवं बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।



इस अवसर पर मंत्री शर्मा ने प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जनता की सेवा करते हुए खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेना बहुत ही सराहनीय है। आप सभी को अपने अपने क्षेत्रों में इस प्रकार की खेल प्रतिस्पर्धा का आयोजन करना चाहिए जिससे ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी आपके साथ आ सके और जनता से आपका सीधा संवाद भी स्थापित हो सके, जो कि आपके अपने कार्यों के साथ सुविधाओं में और सुधार करने में सहायक हो सकें। मंत्री शर्मा ने प्रदेश के साथ अन्य 5 राज्यों से प्रतियोगिता में भाग लेने आये खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए सभी को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि खेल सिर्फहार-जीत के लिए नहीं खेला जाता है। खेल को जीवन का अभिन्न अंग जिसने भी बना लिया है उसको शारीरिक और मानसिक दोनों का स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन्होंने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी जनता की सेवा करते हुए भी खेल प्रतिस्पर्धा में भाग लेते हैं, यह बहुत ही सराहनीय है। खेल सिर्फ हार-जीत ही नहीं बल्कि आप सभी में स्पोर्ट्समैन स्पिरिट (खेल की भावना) भी उत्पन्न करता है, जिससे आपको अपने क्षेत्र में कार्य करने में भी बहुत सहायता मिलती है। मंत्री शर्मा ने कहा कि सभी खिलाड़ी अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं। हमारे देश के प्रधानमंत्री खेल और खिलाडियों दोनों का ही बड़ा सम्मान करते हैं। जैसे ही कोई खिलाड़ी किसी भी प्रतिस्पर्धा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करता है या मेडल लाता है। प्रधानमंत्री उसे सोशल मीडिया, फोन या किसी भी माध्यम से उसे बधाई देकर उसका हौसला बढ़ाते हैं। इससे पूरे देश की निगाहें उस खिलाड़ी की ओर जाती है। उन्होंने कहा कि कल ही मुख्यमंत्री योगी ने भी एशियाड पदक विजेता 189 खिलाड़ियों को 62 करोड़ की धनराशि के साथ पुरुस्कृत कर अधिकारियों का पद देकर सम्मानित भी किया।

इस अवसर पर प्रतियोगिता समिति के अध्यक्ष केबी सिंह (निदेशक, का. प्र. एवं प्रशा.), जेडी द्विवेदी (निदेशक, वितरण), सीपी यादव (अपर सचिव), शमशाद अहमद (अपर सचिव), वीके मिश्रा, राजकुमार रस्तोगी, अनिल निगम एवं आरएन पाल सहित बड़ी संख्या में खिलाड़ी व विद्युत् विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रवण कुमार निराला को थाने में बैठाना अलोकतांत्रिक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अंबेडकर जन मोर्चा के कार्यकर्ताओं से खबर मिली है कि मोर्चा के संयोजक श्रवण कुमार निराला को कल रात्रि 11 बजे गोरखपुर के शाहपुर थाने में पुलिस व्दारा बैठाया गया है। आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट सरकार व प्रशासन की इस कार्रवाई को अलोकतांत्रिक मानता है और सरकार से उन्हें तत्काल छोड़ने की मांग करता है। ज्ञात हो कि खेत मजदूरों, गरीबों और दलित, अति पिछड़ों के भूमिहीनों की आजीविका के लिए एक एकड़ जमीन और आवासीय भूमि का आवंटन करने की उनकी मांग न्यायसंगत है। इस मांग पर 29 जनवरी को चौरी चौरा के शहीद स्थल से शांतिपूर्ण यात्रा करना पूर्णतया जायज है। आईपीएफयह भी मांग करता है कि सरकार उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान न करें।

### अमौसी एयरपोर्ट के पास पलटा एथनॉल भरा टैंकर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-कानपुर हाईवे पर अमौसी एयरपोर्ट के पास कोहरे के बीच रविवार तड़के एथनॉल भरा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। टैंकर पलटने से एथनॉल सड़क पर फैल गया। मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने हाइड्रा की मदद से टैंकर को हाइवे से किनारे कराया। छह दमकल की मदद से पांच घंटे तक हाइवे पर पानी डालकर राहत कार्य चलाया। गनीमत रही की एथनॉल में आग नहीं पकड़ी। एथनॉल भरा टैंकर गोरखपुर से कानपुर जा रहा था। हादसे की सूचना पर सीएफओ मंगेश कुमार टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दमकल कर्मी पहुंचे तो एथनॉल सड़क पर फैला हुआ था। सबसे पहले हाइड्रा की मदद से टैंकर को किनारे कराया गया। दमकलकर्मियो ने सड़क पर फोम और पानी डालकर एथनॉल की तीव्रता कम की। छह दमकल की मदद से पांच घंटे की मशक्कत के बाद स्थिति पर पूरी तरह से काबू पाया जा सका।

### सी.एम.एस. छात्र दल जापान रवाना

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर द्वितीय कैम्पस का 6 सदस्यीय छात्र दल 'सकूरा साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम' में प्रतिभाग हेतु जापान रवाना हो गया। जापान रवानगी से पूर्व सी.एम.एस. शिक्षकों व अभिभावकों ने अमौसी एअरपोर्ट पर छात्र दल के सदस्यों को शुभकामनाएं दी। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि साइन्स एक्सचेंज प्रोग्राम जापान सरकार की शैक्षिक संस्था 'जापान साइन्स एण्ड टेक्नोलॉजी एजेन्सी (जे.एस.टी.) के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विश्व के लगभग 30 देशों के छात्र प्रतिभाग कर रहे हैं। जापान रवाना होने वाले सी.एम.एस. गोमती नगर द्वितीय कैम्पस के छात्र सदस्यों में आर्यन सिंह, श्रेया, शुभ मेहरोत्रा, वैभव पाण्डेय एवं वैदेही मिश्रा शामिल हैं। छात्र दल का नेतृत्व विद्यालय के शिक्षक योगेन्द्र प्रताप सिंह कर रहे हैं। श्री शर्मा ने बताया कि इस शैक्षिक यात्रा के दौरान सी.एम.एस. छात्र जापान के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों एवं रिसर्च इन्स्टीट्यूट का भ्रमण करेंगे एवं इस दौरान एडवांस साइन्स एवं टेक्नोलॉजी पर विशेषज्ञों का व्याख्यान एवं मार्गदर्शन प्राप्त करने साथ ही प्रायोगिक परीक्षण भी प्राप्त करेंगे।

### इजराइल भेजे जाने वाले श्रमिकों का वॉक-इन पंजीकरण बंद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि राजकीय आईटीआई, अलीगंज, लखनऊ में भारत से इजराइल भेजे जाने वाले श्रमिकों का वॉक-इन पंजीकरण बन्द कर दिया गया है। 30 जनवरी 2024 तक केवल स्किल टेस्ट होगा। उन्होंने बताया कि 28 जनवरी 2024 तक संस्थान से जारी हस्ताक्षर एवं मोहर युक्त आवेदन पत्र वाले तथा श्रम विभाग से पंजीकृत अभ्यर्थी ही स्किल टेस्ट में प्रतिभाग कर सकेंगें। उन्होंने बताया कि जो अभ्यर्थी श्रम विभाग में पंजीकृत नहीं है और न ही 28 जनवरी 2024 तक राजकीय आईटीआई अलीगंज लखनऊ में आ कर आवेदन पत्र हस्ताक्षर करवाकर प्राप्त नही कियें है उन अभ्यर्थियों को किसी भी दशा में स्किल टेस्ट के लिए प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

### 69000 शिक्षक भर्ती के अभ्यर्थियों का प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** 69000 शिक्षक भर्ती अभ्यर्थी रविवार की शाम डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के 7 केडी, आवास के बाहर धरना देने पहुंच गए। मौके पर मौजूद पुलिस ने उन्हें रोक दिया। अभ्यर्थी जमीन पर बैठकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन कर रहे हैं। अभ्यर्थियों को पुलिस ने बलपूर्वक लाठी फटकारते हुए डिप्टी सीएम के आवास के बाहर से हटाया। पिछले लंबे समय से आरक्षण घोटाले का आरोप लगाते हुए अभ्यर्थी नियुक्ति की मांग कर रहे हैं।

### लखनऊ एयरपोर्ट से 35 लाख का सामान चोरी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ एयरपोर्ट के निर्माणाधीन टर्मिनल-3 पर काम कराने वाली कंपनी का सामान चोरी हो गया है। करीब 35 लाख का सामान चोरी हो गया और एयरपोर्ट प्रशासन को जानकारी नहीं हो पाई। अब हंगामा और बवाल मचना शुरू हो गया है। एनसीसी लिमिटेड कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर ने इसको लेकर सरोजनी नगर थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें बताया गया कि मैनेजर शंभू नाथ मिश्रा ने पुलिस को बताया है कि केबिल और पाइप और पाइप काटकर चोरी हो गया है। इसकी पूरी डिटेल उन्होंने पुलिस को दी है। 26 जनवरी को इसके बारे में जानकारी हुई।

# सबकी समस्या का निस्तारण सरकार की पहली प्राथमिकता : सीएम योगी

▸ सीएम योगी ने गोरखनाथ मंदिर में 250 लोगों की सुनी समस्याएं

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ाके की ठंड के बावजूद रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में 250 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और सभी को आश्वस्त किया सबकी समस्या का निस्तारण करना उनकी सरकार की प्राथमिकता है।

योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन में आयोजित जनता दर्शन में वहां जुटे सभी लोगों से एक.एक कर मुलाकात कर उनकी बातें सुनीं और उनके प्रार्थना पत्र लिए तथा कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। उन्होंने लोगों की समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र लेकर उसे अधिकारियों की इस निर्देश के साथ हस्तगत किया कि समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने आत्मीयता से सभी को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। जनता दर्शन में कुछ लोग गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में इस्टीमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कर शासन को भेजें। इलाज के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी।

### लाला जी का पूरा जीवन राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा : योगी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम योगी ने कहा कि उनका पूरा जीवन राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा है। दरअसल, सीएम योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर पोस्ट कर कहा, ''भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के पुरोधा, अपने अमर बलिदान से आजादी की अग्नि को तीव्र कर ब्रिटिश हुकूमत के विरुद्ध 'स्वराज का बिगुल फूंकने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 'पंजाब केसरी लाला लाजपत राय की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! योगी ने कहा, ''उनका पूरा जीवन राष्ट्र भक्तों के लिए प्रेरणा है। बता दें कि लाला लाजपत राय का जन्म 28 जनवरी 1865 को पंजाब प्रांत में हुआ था। भारत के प्रमुख स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राय को 'पंजाब केसरी भी कहा जाता था। वर्ष 1928 में साइमन कमीशन के विरोध में हिस्सा लेने के दौरान लाठीचार्ज में घायल होने के बाद 17 नवंबर 1928 को उनका निधन हो गया।

### सीएम ने छात्र-छात्राओं को बांटे टैबलेट और स्मार्ट फोन

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के दीक्षा भवन में शनिवार को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को टैबलेट और स्मार्टफोन वितरित किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि युवाओं को यह टैबलेट और स्मार्टफोन देने के पीछे युवाओं की, विश्व समुदाय की जरूरतों को पूरा करने का उद्देश्य है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि युवाओं में ऊर्जा की कमी नहीं है। उन्हें अपने कर्तव्यों का एहसास होना चाहिए। अधिकारों की बात बाद में करें। जब हम कर्तव्य को वरीयता देंगे तब हमारे सामने देश प्रेम पहले होगा। अधिकार बाद का विषय है। पहले देश है और अंत में मैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्मार्टफोन और लैपटॉप देने का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। सरकार ने पाठ्यक्रम के हिसाब से पढ़ाई की व्यवस्था की है तो दूसरी तरफ वे अभ्युदय कोचिंग के सहारे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी कर सकते हैं।

# व्यापारियों को मिले राजनीतिक हिस्सेदारी व सुरक्षा : अनूप शुक्ला

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** व्यापारी महाकुंभ का शुभारंभ राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने दीप प्रज्वलन कर सहकारिता भवन लखनऊ में किया। व्यापारी महाकुंभ में व्यापारी नेता अनूप शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष को बड़ी माला स्वर्ण अंग वस्त्र प्रतीक चिन्ह प्रदान कर बड़ी गर्म जोशी से स्वागत हुआ।

व्यापारी महाकुंभ में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनूप शुक्ला ने कहा व्यापारी परेशान हैं जीएसटी अधिकारियों द्वारा नोटिस के नाम पर हो रहा उत्पीड़न, व्यापारियों की हत्या लूट की घटनाएं हुई पर प्रशासन समय पर कार्रवाई नहीं करता, ऑनलाइन शॉपिंग से छोटे व्यापारियों का व्यापार खत्म हो रहा हैं, व्यापारी बिना राशि प्रयास नहीं, व्यापारी 30 प्रतिशत हैं मगर राजनीतिक हिस्सेदारी शून्य जैसी है इन्ही विषयों पर सरकार का ध्यान दिलाने एवम सरकार को अपना वादा याद दिलाने के लिए व्यपारी महाकुंभ में प्रदेश के कोने-कोने से व्यापारी प्रतिनिधि इकट्ठा हुए हैं और अपनी मांगों को पूर्ण कराने हेतु आवाज बुलन्द किया व्यापारियों की मांगों का मांग पत्र पूरे प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों के माध्यम से प्रधानमंत्री एवम मुख्यमंत्री को भेजेगा। व्यापारी महाकुंभ का आयोजन सभी मंडलों में किया जाएगा एक व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल मा मुख्यमंत्री से मिल कर अपनी मांगों को रखेगा। व्यापारी महाकुंभ में ब्रज किशोर यादव को युवा प्रदेश अध्यक्ष, रेनू शाही को राष्ट्रिय महासचिव, अशलम खान को प्रदेश महासचिव, मिसेज नार्थ इंडिया 2022 मधू यादव को प्रदेश महासचिव, गीता सिंग जिलाध्यक्ष लखनऊ, मिसेज यू पी अदिति सिंह प्रतापगण को राष्ट्रिय सम्मानित सदस्य मनोनीत किया गया व्यापारी महाकुंभ में प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, प्रदेश उपाध्यक्ष औरिया, डॉ. पी सी गुप्ता लखनऊ, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील शुक्ला, वाराणसी, ब्रज किशोर यादव युवा प्रदेश अध्यक्ष गाजीपुर, जे पी यादव जिलाध्यक्ष कानपुर, श्याम गुप्ता प्रदेश सचिव, दीप नारायण यादव जिलाध्यक्ष रायबरेली, अब्दुल जब्बार इटावा, जीतेश हयारन झांसी मंडल, प्रवीण मिश्रनगर अध्यक्ष मऊ, बाराबंकी सज्जन लाल गुप्ता, अयोध्या जिलाध्यक्ष शशि प्रकाश मिश्रा आदि ने मांगों को उठाया।

### पुलिस महकमें में बड़ा फेरबदल, आठ आईपीएस, 39 डिप्टी एसपी व 18 एडिशनल एसपी के ट्रांसफर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महकमे में योगी सरकार ने बड़ा फेर बदल कर दिया है। एक साथ 8 आईपीएस अधिकारियों के तबादले कर दिए हैं वहीं 39 डिप्टी एसपी और 18 एडिशनल एसपी के ट्रांसफर किए गये हैं। तबादला हुए सभी सभी अधिकारियों की सूची भी जारी कर दी गई है। 8 आईपीएस अधिकारियों में आईपीएस अभिनव त्यागी एएसपी कुशीनगर, आईपीएस आदित्य बंसल बने एएसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर, आईपीएस चिराग जैन बने एएसपी ग्रामीण आजमगढ़, आईपीएस विक्रम दहिया बने एएसपी पीलीभीत, आईपीएस अनुकृति शर्मा बनी एएसपी संभल,आईपीएस अभिजीत कुमार बने एएसपी फतेहपुर,आईपीएस मानुष पारिक बने एएसपी अम्बेडकरनगर,आईपीएस मनोज कुमार रावत बने एएसपी गोण्डा, एडिशनल एसपी में अभिनव त्यागी एएसपी कुशीनगर बनाए गए, आदित्य बंसल एएसपी ग्रामीण मुजफ्फरनगर, चिराग जैन एएसपी ग्रामीण आजमगढ़ बने, विक्रम दहिया एएसपी पीलीभीत बनाए गए, अनुकृति शर्मा एएसपी संभल बनाई गईं, अभिजीत कुमार एएसपी फतेहपुर बनाए गए, मानुष पारिक एएसपी अंबेडकरनगर बनाए गए, मनोज रावत एएसपी गोंडा बनाए गए, यूपी पुलिस में बड़े पैमाने पर फेरबदल, चित्रांश गौतम एसीपी कानपुर नगर बने, सुमन कनौजिया डीएसपी मथुरा बनीं, उदय प्रताप सिंह सेकेंड डीएसपी गोरखपुर, आनंद कुमार राय डीएसपी प्रतापगढ़ बने, रवि प्रकाश सिंह डीएसपी हरदोई बनाए गए, संतोष कुमार सिंह डीएसपी हरदोई बने, गौरव कुमार एसीपी वाराणसी बनाए गए, हेमंत कुमार एसीपी आगरा बनाए गए, डीएसपी में ज्योति यादव डीएसपी शाहजहांपुर बनीं, राकेश वशिष्ठ डीएसपी बिजनौर बनाए गए, सतीश चंद्र शुक्ला डीएसपी सीतापुर बनाए गए, शमशेर बहादुर डीएसपी लखीमपुर खीरी बने, सुनीता दहिया डीएसपी मुरादाबाद बनाई गईं, अजय कुमार चतुर्थ डीएसपी ललितपुर बने, सोमेंद्र विश्वास डीएसपी उन्नाव बनाए गए, वंदना शर्मा मंडलाधिकारी मेरठ बनाए गए, अर्पित कपूर डीएसपी संभल बनाए गए, उदय प्रताप सिंह प्रथम एसीपी प्रयागराज बने, अजय सिंह चौहान डीएसपी मैनपुरी बनाए गए, संगल लाल मिश्रा सहायक सेनानायक पीएसी प्रयागराज, कुलदीप कुमार गुप्ता डीएसपी मुरादाबाद बनाए गए, राजेश सिंह डीएसपी बिजनौर बनाए गए, आदित्य कुमार गौतम डीएसपी देवरिया बनाए गए, परमानंद कुशवाहा डीएसपी जौनपुर बनाए गए, प्रियाश्री लाल एसीपी गाजियाबाद बनाए गए, विवेक सिंह एसीपी एलआईयू गाजियाबाद बने गये।





आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृष्णा एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड एवं पैथालोजी सेन्टर
तहसील रोड सहजनवा
सुविधा
डिजिटल एक्स-रे
Chest, Spine, HIP,HSG,IVP,Barium,Skull,
अल्ट्रासोनोग्राफी
OBST, Gynecology, Abdomen, Urology.
एक्स-रे, दिल की जांचए पैथालॉजी

रामपुर सुदौली जीपीआर इंटर कॉलेज की तरफ से समस्त देशवासियों व क्षेत्र वासियों कोको गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आर बी यादव
प्रधानाचार्य

प्राथमिक विद्यालय कुर्री बछरावां रायबरेली की तरफ से समस्त देशवासियों को वह क्षेत्र वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नीलम त्रिपाठी
प्रधानाचार्य

प्राथमिक विद्यालय मलकिया रानीखेड़ा की तरफ से समस्त देशवासियों को व प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

स्वर्ण शंकर मिश्र
प्रधानाचार्य

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामकिशुन यादव
वनाधिकारी
विनोद कुमार
क्षेत्रीय वनाधिकारी

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉक्टर सद्दाम
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र
रिसिया बहराइच


आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज पनवाड़ी (महोबा)
प्रबन्धक श्रीमती उमा अग्रवाल
अध्यक्ष श्री अमित कुमार अग्रवाल
उपाध्यक्ष श्री अजय द्विवेदी
प्रधानाचार्य
श्री सत्येन्द्र कुमार राजपूत

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कौशल महाराज
पूर्व प्रधान
नकरा
ननवाड़ी (महोबा)

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत बहादुरपुर कला विकास खण्ड पनवाड़ी
ग्राम प्रधान
रमेश चंद्र

आलोक द्विवेदी
सचिव

आप सभी को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पवन सोनी
भाजपा मंडल अध्यक्ष पनवाड़ी


# टेक्नोलॉजी का है जमाना अपराध किया है तो रडार पर आ जाओगे

**रायबरेली समृद्धि न्यूज़।**

**सुशील सिंह।** टेक्नोलॉजी का जमाना है साहब अगर आप अपराध करेंगे तो किसी न किसी बिंदु पर आप सबूत छोड़ देंगे और वह सबूत पुलिस के लिए ब्रह्मास्त्र साबित होता है इसकी वजह से आप पुलिस की हत्थे चढ़ जाएंगे।

पुलिस विभाग संवेदनशील विभाग होता है जहां पर पुलिस कर्मियों को 24 घंटे सक्रिय और ड्यूटी में रहना पड़ता है एक आम आदमी जहां उसकी रूटिंग होती है दिनभर वर्कआउट करता है शाम को अपने परिवार के साथ रहकर समय व्यतीत करता है। वही पुलिसकर्मी परिवार से कोसों दूर हमारे समाज में अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए लोगों की सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहते हैं।



- 26 जनवरी को एसपी ने पुलिस कर्मियों को किया सम्मानित
- पुलिस महानिदेशक ने पुलिस अधीक्षक को प्रदान किया प्रशस्ति पत्र
- तजुर्बा और सही नेतृत्व की वजह से घटनाओं का होता है खुलासा
- तत्कालीन एसओजी प्रभारी संजय सिंह 26 जनवरी को किए गए सम्मानित

बीते कुछ दिन पहले लालगंज में एक लूट की घटना हुई थी जिसमें एक सर्राफा व्यापारी को लूट लिया गया था जिसकी धमक लखनऊ तक पहुंची थी उस लूट की घटना को बहुत ही शतिराने ढंग से अंजाम दिया गया था मगर अपराधी चाहे जितना भी चालक हो कहीं ना कहीं कुछ गलतियां जरूर कर देता है और जब सामने वाला आपसे ज्यादा तेज हो तो ऐसी घटनाओं का खुलासा भी कर देता है। तत्कालीन सीओ, सर्विलांस प्रभारी और एसओजी की टीम के द्वारा उसे घटना का अनावरण कर दिया गया।

### कैसे बचोगे बीटीएस से....



बीते कुछ दिन पहले सलोन सर्कल के अंतर्गत लूट की घटना हुई थी। लुटेरों के द्वारा पुलिस को गुमराह करने की भरपूर कोशिश की गई थी। मगर वह यह नहीं समझ पाए की आज के आधुनिक युग में अपराध करने के बाद अपराधी सामान्य लोगों की आंख में धूल झोंक सकता है मगर टेक्नोलॉजी को कैसे चकमा देगा। सलोन में लूट की घटना करने के बाद अपराधियों के द्वारा पुलिस को चकमा देने के लिए जमकर प्रयास किया गया मगर वह यह भूल गए की जमीन से 70, 80 फीट के ऊपर एक ऐसा डिवाइस लगा हुआ है जिसे आप धोखा नहीं दे सकते अगर आपने उसके किसी भी गैजेट का इस्तेमाल किया है तो आप उसकी रडार पर चढ़ जाएंगे। सलोन में लूट की घटना करने के बाद अपराधी यही भूल गए जिसकी वजह से वह पुलिस की गिरफ्त में आ गए। ऐसी घटनाओं पर से पर्दा तभी उठाया जा सकता है जब संबंधित अधिकारी आपसे तेज दिमाग रखता हो और वह ऐसी वारदातों का चलचित्र अपने दिमाग में बना लिया हो कि आपके द्वारा कैसे घटना को अंजाम दिया गया रहा होगा। डीएसपी वंदना सिंह भी ऐसी एक अधिकारी हैं जो तजुर्बे से परिपूर्ण है समय-समय पर जब ऐसी घटनाओं का अनावरण उनके द्वारा किया गया है तो बहुत सी तजुर्बे भी मिले है। और इन्हीं तजुर्बो की वजह से एक बेहतर अधिकारी साबित हुई है जिन्होंने को बारीकी के साथ देखा और उन अपराधों का अनावरण भी करवाया।

### पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल किए गए सम्मानित

कई जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल को भी पुलिस महानिदेशक की तरफ से प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इनके द्वारा जितने भी जिलों में ये पुलिस अधीक्षक के पद पर रहे हैं बेहतर पुलिसिंग और अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस महानिदेशक विजय कुमार के द्वारा इनको सम्मानित किया गया

### गणतंत्र दिवस पर सिल्वर मेडल से सम्मानित हुए विनोद सिंह परिहार



जिले के शिवगढ़ थाना में तैनात रहे एवं वर्तमान समय में पुलिस महानिदेशक मुख्यालय लखनऊ में अपराध नियंत्रण शाखा में तैनात उप निरीक्षक विनोद सिंह परिहार को भी सम्मानित किया गया रायबरेली जनपद के शिवगढ़ थाने में तैनाती के दौरान इन्होंने अपने कार्य कुशलता के चलते पुलिस महकमे का मान बढ़ाने का कार्य किया था अपराधियों के विरुद्ध इनके द्वारा की गई कार्रवाई से शिवगढ़ क्षेत्र में अमन व शांति व्यवस्था कायम करने में कामयाब रहे थे। 75 वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक लखनऊ द्वारा इन्हे सिल्वर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# किसानों में दिखा आक्रोश आवारा जानवरों लेकर पहुंचे गौशाला

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

रात में जाकर अपने फसलों की रखवाली करने वाले किसानों का गुस्सा फूट पड़ा और सैकड़ों की संख्या में किसानों द्वारा फसलों को नुकसान करने वाले आवारा पशुओं को खदेड़ते हुए कान्हा गौशाला डलमऊ पहुंच गए जहां पर पहले से ही क्षमता से अधिक गोवंश होने के चलते गोवंशों को संरक्षण देने से मना कर दिया गया जिस पर किसानों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया और हंगामा करने लगे इसकी सूचना कान्हा गौशाला के नोडल अधिकारी और उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा को दी गई तो उन्होंने गोवंशों को गौशाला में संरक्षित करने के निर्देश दिए रविवार को तहसील क्षेत्र के लगभग एक दर्जन गांवों पूरे गुलाब राय पूरे मुरईन चांदपुर लुक सूरजपुर पखरौली नेवाजगंज पूरे बघेलन आदि गांव के राम बहादुर अयोध्या प्रसाद रामगोपाल बैजनाथ रज्जन सोनकर रामप्रकाश राम सुमेर आदि के साथ सैकड़ो ग्रामीण द्वारा फसलों को नष्ट कर रहे आवारा आधा सैकड़ा से अधिक गोवंशों को खदेड़ते हुए कान्हा गौशाला डलमऊ ले गए जहां पर गौशाला संरक्षक द्वारा गोवंशों को



संरक्षण देने से मना कर दिया गया जिस पर किसान आक्रोशित हो गए और प्रदर्शन करने लगे सूचना उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा को दी गई जिस पर उप जिलाधिकारी डलमऊ के निर्देश पर गोवंशों को गौशाला में संरक्षित किया गया किसानों का आरोप है कि गौशाला के कर्मचारियों द्वारा संरक्षित किए गए गोवंशों को रात में छोड़ दिया जाता है जिससे गोवंश फिर से फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं और किसानों को गंभीर समस्या का सामना करना पड़ता है उप जिलाधिकारी डलमऊ अभिषेक वर्मा ने बताया कि गंगा तट डलमऊ के पास एक और गौशाला का निर्माण शासन द्वारा कराया जाएगा और धन आते ही शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा क्षमता से अधिक गोवंश होने के चलते आसपास के गौशाला में गोवंश संरक्षित किए जाएंगे

## खबरें एक नजर में

### चित्रकला प्रदर्शनी छह फरवरी को

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** कैनवास क्लब, जो कि कला का एक प्रस्तावित मंच है,के द्वारा शहर के फीरोज गांधी कॉलेज ऑडोटोरियम प्रांगण में दिनांक 06 फरवरी को प्रातः 11 बजे से शाम 05बजे तक, एक विशाल चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे जनपद के विभिन्न कलाकार अपनी चित्रकला का प्रदर्शन कर रहे है। प्रदर्शनी में कई तरह की पेंटिंग्स (ऑयल बेस्ड,एक्रेलिक, वाटर कलर, स्केचिंग्स, क्राफ्ट) का प्रदर्शन किया जाएगा। कैनवास क्लब के संयोजक आर्टिस्ट अभिषेक वर्मा ने बताया कि जो भी आर्टिस्ट इस प्रदर्शनी में अपने आर्ट वर्क का प्रदर्शन करना चाहते है वो मोबाइल नंबर 7985466401 पर संपर्क कर निःशुल्क पंजीकरण करा सकते है। जनपदवासी इस प्रदर्शनी में अपने मित्रो और परिवार जनों के साथ सदर आमंत्रित है।

### नवविवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुर्तजापुर में गत शनिवार को अज्ञात कारण के चलते नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी थी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। रविवार को मृतका के पिता ने ससुरालीजनों के विरुद्ध दहेजहत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। गौरतलब है कि ग्राम मुर्तजापुर निवासी विनय की 20 वर्षीय पत्नी रेनू गत शनिवार को अपने कमरे में छत के हुक में रस्सी का फंदा डालकर फांसी पर झूल गई थी। जानकारी होने पर रेनू की सास कुसुम ने मामले की जानकारी ग्राम प्रधान को दी थी। ग्राम प्रधान ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेनू का शव नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतका के पिता क्षेत्र के ग्राम करीमुद्दीनपुर निवासी रामनाथ पुत्र खुमान ने रविवार को कोतवाली में तहरीर देकर पति विनय, सास कुसुम, जेठ विनोद तथा मनोज के विरुद्ध दहेजहत्या का मुकदमा दर्ज कराया। रिपोर्ट में पिता का आरोप है कि बेटी के ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। पति, सास और जेठ उसकी पुत्री रेनू को अक्सर प्रताड़ित कर रहे थे। इसीलिए ससुराल के लोगों ने उसकी पुत्री की हत्या कर शव फांसी पर लटका दिया। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर घटना की जांच में जुटी है।

### ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ा चोर, पुलिस ने छोड़ा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रतईपुरवा में कई वर्षों से निजी नलकूप के उपकरण चोरी कर रहे चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पड़कर पुलिस को सौंप दिया। हल्का पुलिस ने कार्यवाही करने के बजाय सुविधा शुल्क लेकर चोर को बरी कर दिया। पुलिस की इस कार्यशैली से ट्यूबवेल मलिक हतप्रभ है। ग्राम भिखारीपुर पतसिया के मजरा रतईपुरवा निवासी विष्णु निषाद पुत्र पातीराम के मुताबिक एक चोर पिछले कई वर्षों से उसके नलकूप का चकवाल चोरी से खोल ले जाता था। बीते दिनों चोर को चोरी करते समय रंगे हाथों पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया लेकिन हल्का पुलिस ने चोर के खिलाफकार्यवाही करने के बजाय सुविधा शुल्क लेकर उसे आजाद कर दिया और पुलिस ने नलकूप मालिक से कहा कि चोर मात्र दो सौ रुपए कीमत का चकवाल खरीदकर लगवा देगा। हल्का पुलिस की इस बेजा कार्यशैली से चोर के हौसले बुलंद हैं।

### दो अजगर निकलने से मचा हड़कम्प

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** ट्यूबवेल की टंकी के नीचे खोह में दो अजगर निकलने से ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने पुलिस के सहयोग से अजगरों को पकड़कर जंगल मे छोड़ दिया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव निवासी पंकज गौड़ का गांव के बाहर खेत पर ट्यूवेल लगा है। पंकज रविवार दोपहर धूप निकलने पर ट्यूबवेल की साफ-सफाई करने गया था। अभी वह पानी के टैंक को साफकर ही रहा था तभी टैंक के नीचे खोह में एक अजगर के जोड़े को देख उसकी रूह कांप गयी। दहशत में वह भागकर घर आया और लोगो को अजगर निकलने की जानकारी दी। देखते ही देखते ग्रामीणों का मजमा मौके पर जुट गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गजेंद्र सिंह ने पीआरवी और वन विभाग को सूचित कर ग्रामीणों को सजग रहने की हिदायत दी। मौके पर वन विभाग की टीम ने पहुंचकर पुलिस के सहयोग से दोनो अजगरों को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया।

### 16 विवाहित जोड़े साथ रहने को हुए राजी

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ शंकर मीना के कुशल निर्देशन में रिजर्व पुलिस लाइन उन्नाव एवं विभिन्न थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया। परिवार परामर्श केन्द्र, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त परिवार परामर्श केन्द्र से 06, महिला थाना से 06, थाना अजगैन, थाना दही, थाना औरास व थाना बांगरमऊ से 01-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। इस पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श समिति एवं सलाहकारों में राजेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 एस.के.पाण्डेय, डा0 शशि रंजना अग्निहोत्री, तबस्सुम नफीज, श्रीमती साबिहा उमर, अबसार अली खान, सहयोगी शिवेन्द्र सिंह एवं परिवार परामर्श केन्द्र से प्रभारी निरीक्षक परिवार परामर्श केन्द्र श्रीमती संतोष कुमारी, म0उ0नि0 मधु श्रीवास्तव, महिला थानाध्यक्ष श्रीमती अर्चना, म0हे0का0 मिथलेश वर्मा, म0का0 अंजुला त्रिपाठी, म0का0 अंशू रानी, म0का0 साधना यादव, म0का0 ज्योति, म0का0 शिखा सेंगर, म0का0 पूजा शर्मा, म0का0 लक्ष्मी, म0का0 चिंतन का विशेष योगदान रहा। परिवार परामर्श केन्द्र द्वारा सराहनीय पहल करते हुए सभी जोड़ों को जीवन भर साथ रहने हेतु गीत गाकर सभी की विदाई की गई।

# बेधड़क काटा जा रहा है मीट मंदिर से 50 मीटर की ही दूरी पर बिक रहा है मुर्गा

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

योगी सरकार जहां मंदिरों के अगल-बगल शराब के ठेके और मीट मुर्गे की दुकान के सख्त खिलाफ है और इन पर कार्रवाई भी होती है लेकिन इन सब चीजों से परे पहरेमऊ चौराहे पर मंदिर से मुश्किल से 50 मीटर की दूरी पर दर्जनों दुकानदार बिना परमिशन के मुर्गा काटते हैं वही बगल में ही साग सब्जी की दुकान भी लगी रहती हैं जिनसे लोगों को बहुत ही ज्यादा दिक्कत होती है लेकिन इन मुर्गा दुकानदारों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ता और पहरेमऊ चौराहे पर जबरदस्त तरीके से मुर्गा कटा और बेचा जाता है साप्ताहिक बाजार रविवार और बृहस्पतिवार को तो तमाम दुकानदार जाकर पहरेमऊ चौराहे पर ही मुर्गे को काटते हैं आबादी और मंदिर से सटे होने के बावजूद भी इस ओर प्रशासन किसी प्रकार का ध्यान नहीं देता।

### 50 मीटर की दूरी पर मंदिर

50 मीटर की दूरी पर हनुमान मंदिर और दुर्गा मंदिर है इसके बावजूद भी मुर्गा दुकानदारों के ऊपर किसी प्रकार का कोई फर्क नहीं पड़ता और वह बेधड़क तरीके से मुर्गा काटकर बेचा करते हैं।

### दुकान खोलने के ऐवज में लिए जा रहे पैसे

पहरेमऊ राजस्व को भी जमकर चुना लगती है क्योंकि यहां की पूर्व प्रधान आफताब बानो द्वारा दुकानदारों से दुकान खोलने के ऐवज में पैसे लिए जाते हैं और साप्ताहिक बाजार में जो भी दुकानदार आता है वह बगैर पैसा दिए दुकान बाजार में नहीं लगा सकता और इन्हीं मुर्गों वालों से पूर्व प्रधान करती है वसूली और इनको दे रखा है मुर्गा काटने और बेचने का लाइसेंस

# श्रीराम जन्म भूमि तीर्थ सेवा चिकित्सा : मरीजों को बताया गया नमो एप्स के बारे में

- विधानसभावार लगाई जा रहे हैं कैंप लोगों को प्रदान की जा रही है चिकित्सा सुविधा

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद लगातार देश में अनेकों तरह के प्रोग्राम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसको लेकर रायबरेली में भी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ सेवा चिकित्सा के अंतर्गत मरीजों का निशुल्क इलाज किया जा रहा है। इसके अंतर्गत मरीजों को निशुल्क देखा जाता है और दवाइयों का वितरण किया जाता है। इसके साथ ही नमो एप्स के बारे में उनका जानकारी दी गई। नमो एप के माध्यम से लोग प्रधानमंत्री से सीधे जुड़ सकते हैं। यह प्रधानमंत्री का ऑफिशियल एप है, जिसके जरिए वे छात्र, किसानों, गरीब, महिलाओं व आम जनता से सीधे बात करते हैं। इतना ही नहीं, नमो एप के माध्यम से लोग प्रधानमंत्री को सुझाव भी भेज सकते हैं।




### भारतीय जनता पार्टी की चिकित्सा इकाई लगातार लोगों की कर रही है सेवा



भारतीय जनता पार्टी के चिकित्सा इकाई के द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान फैलाया जा रहा है कैंप के माध्यम से लोगों का उपचार किया जा रहा है और उन्हें भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो योजनाएं धरातल पर उतारी जा रही हैं उनके बारे में भी जानकारी दी जा रही है यही नहीं नमो एप्स के बारे में भी जानकारी दी जा रही है और बताया जा रहा है कि इस एप्स के माध्यम से कोई भी व्यक्ति सीधे प्रधानमंत्री से जुड़ सकता है।

### शहर के श्री कृष्णा नर्सिंग होम में लगाया गया कैंप

शहर के श्री कृष्णा नर्सिंग होम में कैंप लगाया गया जहा पर 60 मरीजों को देखा गया उनका इलाज किया गया दवाइयां वितरित की गई साथ ही उन्हें नमो एप्स के बारे में बताया गया। उनके मोबाइल पर नमो एप्स को डाउनलोड कराया गया और एप्स का इस्तेमाल कैसे करना है उसके बारे में भी बताया गया।

### सलोन, सरेनी ऊंचाहार हरचंदपुर में लग चुका है कैंप बाकी जगहों पर लगाया जा रहा है

शहर के बाद सलोन में कैंप लगाया गया जहां पर डॉ ओंकार सिंह और डॉक्टर मनीष के द्वारा 60 मरीज का इलाज किया गया। सरेनी विधानसभा में भी कैंप का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टर अतुल अग्रवाल और डॉ दिनेश मिश्रा के द्वारा लोगों का उपचार किया गया उन्हें नमो एप्स के बारे में बताया गया।

# चोरों ने हनुमानगढ़ी को बनाया निशाना

**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

इस समय कड़ाके की ठंड पड़ रही है और लोग बिस्तर पर जाते ही सो जाते हैं वहीं इसका फायदा इस समय चोर जमकर उठा रहे हैं और महराजगंज कोतवाली क्षेत्र में लगातार चोर चोरी पर चोरी किए चले जा रहे हैं और पुलिस को चुनौती पर चुनौती मिल रही है देखना है कि यह घटनाओं का खुलासा होता है या फिर ढाक के तीन पात वाली कहावत सटीक बैठती है। महराजगंज नगर का



इंडस्ट्रियल एरिया बोला जाता है जहां पर हनुमानगढ़ी स्थित है। वही हनुमान गढ़ी में चोरों ने मंदिर में ताला तोड़कर की चोरी। दी गई तहरीर के अनुसार हनुमान गढ़ी मंदिर निकट गल्ला मंडी रायबरेली रोड महराजगंज के पुजारी ईश्वर प्रकाश बीती रात्रि को 9 बजे मंदिर के मुख्य द्वार पर ताला बंद कर अपने कमरे पर विश्राम करने चले गए सुबह उठकर देखा तो मंदिर के मुख्य द्वार का ताला मंदिर के पीछे मिला मंदिर में रखा दान पात्र भी टूटा हुआ मिला और दानपात्र का पैसा चोरी हो गया। पुजारी ने पुलिस को लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग किया है। चोरी की घटना के बाद कोतवाली पुलिस भी गहनता से जांच पड़ताल में जुट गई है।

# गंगा तट पर चलाया सफाई अभियान

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

पतित पावनी मां गंगा के आंचल को साफ सुथरा बनाने के लिए पिछले कई वर्षों से संस्कृत महाविद्यालय बड़ा मठ डलमऊ के स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज की अगवाई में चलाए जा रहे साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के क्रम में रविवार को स्वामी दिव्यानंद महाराज की अगवाई में गंगा तट डलमऊ के विभिन्न घाटों में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें गंगा तट के किनारे फैली गंदगी को साफ कर गंगा भक्तों से गंगा को स्वच्छ बनाने की अपील की गई और गंगा तट के किनारे पॉलिथीन



आदि के साथ अन्य सामग्री न डालने के लिए प्रेरित किया गया स्वामी दिव्यानंद महाराज ने बताया कि मां गंगा हमारे समाज की जीवनदायनी हैं जिनको स्वच्छ रखने के लिए हमारा परम कर्तव्य है कि गंगा तट के किनारे किसी प्रकार की गंदगी ना फैलाएं इस मौके पर राम चैतन्य स्वामी गीतानंद संदीप कुमार मिश्रा रजत त्रिपाठी पुनीत द्विवेदी आदि के साथ अन्य गंगा भक्त मौजूद रहे।

# कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

तेज रफ्तार कार व मोटर साइकल में आमने सामने हुई जोरदार टक्कर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल जिला अस्पताल रेफर मामला गदागंज थाना क्षेत्र के विसुनदास पुर चौराहा के पास के,वी पब्लिक स्कूल के सामने का है जहां रविवार सुबह लगभग 11 बजे बाइक व कार की आमने सामने टक्कर हो गयी। जिसमे बाइक सवार अमर पुत्र दया राम उम्र लगभग 35 वर्ष अपने बच्चो सोनाक्षी उम्र 8 वर्ष, सौरभ उम्र 7 वर्ष निवासी पुरे ठकुरन का पुरवा थाना गदागंज जो अपने बच्चो के साथ रईया पुर जा रहा था तभी के वी पब्लिक स्कूल के पास ऊंचाहार की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही कार ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार अमर को गंभीर रुप घायल हो गया है जिसे इलाज हेतु सी एच सी दीन शाह गौरा ले जाया गया जहां हालात गंभीर होने पर जिला अस्पताल रायबरेली रेफर कर दिया गया है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाईक सवार एक युवक की मौत दूसरे की हालत गंभीर




देर रात लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर हुआ दर्दनाक सड़क हादसा अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को मारी जोरदार टक्कर एक की मौके पर हुई दर्दनाक मौत, वहीं दूसरे की हालत गंभीर, मामला बछरावां थाना क्षेत्र के अंतर्गत कस्बे में स्थित ओवर ब्रिज का है जहां अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक युवक अभिमन्यु कुमार पुत्र अमित कुमार उम्र 25 वर्ष निवासी बलदेव बिहार थाना तेली बाग जनपद लखनऊ की मौके पर दर्द नाक मौत हो गई वहीं प्रिंस गुप्ता पुत्र अजय शंकर गुप्ता उम्र 27 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको इलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर किया गया सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और फरार अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# गुरू गोविन्द सिंह के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकली शोभायात्रा

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में आज नगर में गुरूद्वारे से पंचप्यारों को सम्मानित कर हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, विधायक सदर पंकज गुप्ता सहित अन्य सिख उपस्थित रहे। सरवंशदानी दशम पिता साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर पर आयोजित शोभायात्रा सदर विधायक पंकज गुप्ता व डीएम अपूर्वा दुबे के साथ नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण मिश्रा भानू, विमल द्विवेदी ने नगर कीर्तन यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया व भानू मिश्रा ने पंचप्यारो का माला पहनाकर स्वागत किया। गुरुद्वारे से निकली शोभायात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। सिख युवको के जत्थे जगह-जगह करतब दिखा रहे थे। वही सिख युवक ट्रेक्टर नचा पंजाब की याद दिला रहे थे। शहर के बड़े चौराहे, छोटे चौराहे, सुंदर सिनेमा रोड, छिपियाना चौराहा, दादामियां चौराहे पर मुस्लिम समाज के लोगो ने भी शोभायात्रा का स्वागत किया। समाज सेवियो ने पंचप्यारो को फूल-माला पहनाकर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। धवन रोड, स्टेशन रोड गुरुतेग बहादुर मार्ग से आईबीपी चौराहा से यात्रा का गुरुद्वारे पहुंचकर समापन हुआ। रास्ते में जगह-जगह भन्डारे लगा लोगो को प्रसाद वितरित किया गया। शोभायात्रा में रथ पर गुरुग्रंथ साहिब का नगर भ्रमण किया गया। शहरवासियों ने गुरुग्रंथ साहिब को शीश नवा आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरुद्वारे में शोभायात्रा के समापन पर लोगो ने प्रसाद स्वरूप चाय पकौडी ग्रहण किया।

### उद्यान मंत्री ने जरूरतमंद लोगों को कंबल किये वितरण



**रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने विकासखंड राही की ग्रामसभा बेलाखारा, सरायदामू एवं कृष्ण इंटर कॉलेज रुस्तमपुर में आयोजित कम्बल वितरण कार्यक्रम में उपस्थित जनता को संबोधित करते हुए सरकार द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी तथा क्षेत्रवासियों का कुशलक्षेम जाना। साथ ही जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरित किया।

# स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य के सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

विगत दिवस हमीरपुर स्थायी लोक अदालत के वरिष्ठ सदस्य गणेश सिंह को अपना सफलतम कार्यकाल के संपूर्ण करने पर सम्मानित कर भावभीनी विदाई दी गई द्य स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष/न्यायाधीश उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने उन्हें विनम्र, हँसमुख, मिलनसार, मददगीर और संतोषी स्वभाव का बताते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना व्यक्त की द्य पीएलए के अध्यक्ष उमेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि स्थायी लोक



अदालत के वरिष्ठ सदस्य के रूप में गणेश सिंह द्वारा पीड़ितों को न्याय दिलाने का कार्य उनकी असीमित कार्य क्षमता का उत्कृष्ट प्रमाण है द्य वहीं दूसरे सदस्य ईश्वरी प्रसाद यादव ने कहा कि गणेश सिंह को इसके पूर्व तत्कालीन जनपद न्यायाधीश द्वारा फैमिली वेलफेयर कमेटी का सदस्य बनाया गया था, तब उन्होंने दहेज़ के मामलों में अनगिनत बिखरे परिवारों को पुनः बसाने का पुरजोर प्रयास किया। पीएलवी जेल विजिटर के रूप में कार्य करते हुए श्री सिंह ने जेल में निरुद्ध अपने परिवार द्वारा उपेक्षित अनेक सजायाफ्ता बंदियों को निःशुल्क कानूनी मदद दिलाने और अनेक समस्याओं से ग्रसित परेशान उनके परिवारीजनों को संबंधित शासकीय विभागों से मदद दिलायी।इस अवसर पर स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष/जज उमेश चंद्र श्रीवास्तव, सदस्य ईश्वरी प्रसाद यादव, पूर्व पेशकार नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, वर्तमान पेशकार रामप्रकाश ने भी श्री सिंह की सेवाओं को सराहा। इस मौके पर सुरेश, तौसीफ़, स्वप्निल आदि मौजूद रहे।

# मधुमक्खियों के काटने से दो दर्जन श्रमिक लहूलुहान

**मौदहा, समृद्धि न्यूज।**

ईट भट्ठे में काम कर रहे श्रमिकों को मधुमक्खी ने अचानक हमलावर होकर घायल कर दिया इसके बाद वहां मौजूद एक दर्जन से अधिक मजदूरो में अफरा तफरी का माहौल हो गया, आनंन फानन में गंभीर रूप से घायल मरीजों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सूर्य देव के दर्शन होते आम जनजीवन में बदलाव भी दिखाई देने लगा,तो वही विकासखंड के नरायच गांव में उजाला ईद भट्टे में काम कर रहे मजदूरों को अचानक मक्खियों ने हमला कर दो दर्जन श्रमिक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। मजदूरों में अफरातफरी का माहौल व्याप्त हो गया,श्रमिकों में चीख पुकार मच गई। आसपास के मौजूद लोगों ने आनंन-फानन में गंभीर रूप से घायलों को बचाने का भरपूर प्रयास किया जिससे वह भी मधुमक्खियां की चपेट में आ गए और कुछ लोगों को प्राइवेट चिकित्सकों से प्राथमिक उपचार कराया गया तो गंभीर रूप से घायल राममिलन 34 वर्ष पुत्र सुरा मदारपुर डेरा निवासी, नारायण पुत्र मुन्ना खंडेह निवासी,सदाबिहारी 35 वर्ष पत्नी चुंबदा छुटकू पुत्र श्री किशन नरायच निवासी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मौदहा में भर्ती कराया जहां खबर लेकर जाने तक उनका इलाज जारी है।इस संबंध में चिकित्सक सोम तिवारी ने बताया कि घायलों का भर्ती करने के बाद उपचार जारी है।


## विपक्षी एकता का ढहता किला

इंडी गठबंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दशः धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति से घिरे हैं। सीट बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है। भारतीय राजनीति का इतिहास खंगाले तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति जनता पार्टी के दौर से कुछ अधिक देखने को देश अभिशप्त है। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इस गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। यह इतनी छोटी होगी कि गठबंधन चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा। विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं कर सका है। पश्चिम बंगाल के अलावा पंजाब ने अलगाव की घोषणा कर दी है। रही-सही कसर बिहार में पूरी हो गई। नीतीश कुमार का इस गठबंधन से अलग होना विपक्ष को सबसे बड़ा झटका है। अब विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणा की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं। आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को 'अवसरवादी नेता' करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम है। ममता गठबंधन की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को 'तारपीडो' करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं।

**परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने, वैचारिक और अकादमिक उपलब्धि में सकारात्मक वृद्धि करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाता है। कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट है कि विद्यार्थी अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास तो करे ही, साथ ही साथ उन उद्देश्यों की प्राप्ति में आने वाले तनाव का सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंधन करे। हम अपने आसपास देखते हैं कि कुछ विद्यार्थी परीक्षा का नाम सुनते ही भयभीत हो जाते हैं। कुछ परीक्षा पूर्व या परीक्षा के दौरान बीमार पड़ जाते हैं। कई विद्यार्थी तो निराशा, अवसाद आदि में चले जाते हैं।**

# परीक्षा पे चर्चा बच्चों के लिए सबसे बड़ा महामंत्र

मुकुंद



**प्रधानमंत्री मोदी जी इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में एक उन्मुक्त मंच पर विद्यार्थियों से अपनी बात रखते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तनाव न लेने की बात पर चर्चा होती है। तनाव को कम करने के व्यावहारिक माध्यम क्या हो सकते हैं? परीक्षा के प्रति विद्यार्थियों का दृष्टिकोण कैसा हो? आदि मुद्दों पर चर्चा भी प्रधानमंत्री करते हैं। कई कार्यक्रमों में सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि यही विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य हैं और जब हमारे देश का भविष्य ही चिंताग्रस्त होगा, तनावग्रस्त होगा, या किसी अन्य प्रकार के मनोवैज्ञानिक दबाव में होगा तो ऐसी स्थिति में वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे सकता।**

परीक्षार्थियों के मानसिक तनाव और अन्य तरह के अवसाद को दूर करने का परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम सबसे सशक्त माध्यम बनकर उभरा है। सामाजिक सरोकार से जुड़ा यह कार्यक्रम युवाओं के ही नहीं, उनके माता-पिता के दिलों में घर घर चुका है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 जनवरी के अपने इस कार्यक्रम के बारे में एक्स हैंडल पर लिखा है मैं परीक्षा के तनाव को दूर करने के तरीकों पर सामूहिक रूप से रणनीति बनाने के लिए परीक्षा योद्धाओं की सबसे यादगार सभा परीक्षा पे चर्चा का उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा हूं। आइए, हम परीक्षा से जुड़ी उन निराशाओं को अवसरों की एक खिड़की में बदल दें...। प्रधानमंत्री ने उन्होंने परीक्षाओं को मनोरंजक और तनाव मुक्त बनाने से संबंधित पिछले कार्यक्रम के विषयों और व्यावहारिक सुझावों को भी साझा किया।

इस बारे में पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की लखनऊ इकाई ने इस कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा की है। इसमें कहा गया है कि यदि किसी राष्ट्र के नेता राजकाज के अतिरिक्त अपनी जनता के लिए एक अभिभावक की भी भूमिका अपना लें तो उस राष्ट्र के लोग निश्चित रूप से सौभाग्यशाली हैं। राम राज्य की भी यही तो सबसे प्रधान विशेषता थी। हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी समस्त भारतवासियों को अपना परिवार मानकर कुछ ऐसा ही सफल प्रयास कर रहे हैं। अभिभावक के रूप में नरेन्द्र मोदी की भूमिका की एक अच्छी मिसाल उनका परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम है जिसके माध्यम से वह किशोर और युवा विद्यार्थियों की समस्याओं को समझ कर उनका मार्गदर्शन करते हैं।

परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए तनाव मुक्त माहौल बनाने, वैचारिक और अकादमिक उपलब्धि में सकारात्मक वृद्धि करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में बड़े आंदोलन एग्जाम वॉरियर्स का हिस्सा है। यह एक ऐसा आंदोलन है जो अभिभावकों, शिक्षकों और समाज को एक साथ लाता है। इस कार्यक्रम का संदेश स्पष्ट है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने जीवन के उद्देश्यों को प्राप्त करने का प्रयास तो करे ही, साथ ही साथ उन उद्देश्यों की प्राप्ति में आने वाले तनाव का सुव्यवस्थित ढंग से प्रबंधन करे। हम अपने आसपास देखते हैं कि कुछ विद्यार्थी परीक्षा का नाम सुनते ही भयभीत हो जाते हैं। कुछ परीक्षा पूर्व या परीक्षा के दौरान बीमार पड़ जाते हैं। कई विद्यार्थी तो निराशा, अवसाद आदि में चले जाते हैं। यही स्थिति विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके माता-पिता या अभिभावकों की भी होती है। शिक्षा और सीखने के द्वारा उपरोक्त समस्याओं के तो उत्तर मिलने ही चाहिए, साथ ही साथ जीवन को आनंददायी तरीके एवं कुशलता से जीने के कौशल भी प्राप्त होने चाहिए। इस बारे में प्रधानमंत्री मोदी का कथन है कि ÷सीखना एक आनंददायक, संतुष्टिदायक और अंतहीन यात्रा होनी चाहिए। इसीलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 रट्टामार पद्धति से कहीं अलग एक ऐसी पद्धति है जिसमें छात्रों को उन्मुख करने का प्रयास है। जहां छात्र सिद्धांत से कम और व्यवहार से ज्यादा समझ सकें और अध्ययन के दौरान अधिक उत्सुकता और आनंद से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

आनंददायी शिक्षा के लिए सबसे बड़ी बाधा परीक्षा ही प्रतीत होती है। परीक्षा पर गहराई से विचार करें तो यह विद्यार्थी जीवन में विद्यार्थियों के आकलन का केंद्र तो है, लेकिन साथ ही साथ विद्यार्थियों में तनाव पैदा करने का एक मुख्य स्रोत भी रही है। जबकि होना यह चाहिए कि परीक्षा केवल परीक्षा नहीं, सीखने की एक आनंददायक प्रक्रिया भी हो। जहां विद्यार्थी ने जो सीखा है एवं उसके अनुभव में जो वृद्धि हुई है. उसे उन अनुभवों के स्वतंत्र और व्यवस्थित अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाये।

प्रधानमंत्री मोदी जी इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम में एक उन्मुक्त मंच पर विद्यार्थियों से अपनी बात रखते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से तनाव न लेने की बात पर चर्चा होती है। तनाव को कम करने के व्यावहारिक माध्यम क्या हो सकते हैं? परीक्षा के प्रति विद्यार्थियों का दृष्टिकोण कैसा हो? आदि मुद्दों पर चर्चा भी प्रधानमंत्री करते हैं। कई कार्यक्रमों में सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि यही विद्यार्थी हमारे देश का भविष्य हैं और जब हमारे देश का भविष्य ही चिंताग्रस्त होगा, तनावग्रस्त होगा, या किसी अन्य प्रकार के मनोवैज्ञानिक दबाव में होगा तो ऐसी स्थिति में वह अपना सर्वश्रेष्ठ नहीं दे सकता। विद्यार्थी को इस अवस्था से बाहर निकालने के लिए उन्होंने मुख्य रूप से शिक्षक, परिवार एवं अभिभावकों की भूमिका पर बल दिया है, जिससे छात्र मुस्कुराहट के साथ परीक्षा दे सकें। कई बार ऐसा देखने में आता है कि अपनी महत्वाकांक्षा की छाया तले माता-पिता अपने बच्चों की तुलना किसी दूसरे बच्चे से करते हैं। स्वाभाविक है कि एक बच्चे के ऊपर इसका नकारात्मक असर पड़ेगा और वह परीक्षा से दूर भागेगा। कई बार शिक्षक भी कक्षा के दूसरे बच्चों से अध्ययन में कमजोर किसी बच्चे की तुलना करते हैं।

ऐसी स्थिति में वह बच्चा अध्ययन के प्रति उदासीन हो जाता है। ऐसी ही स्थितियों को टालने के लिए यह सशक्त मंच है। यह मंच शिक्षकों और माता-पिता के लिए भी एक संदेश है कि कैसे परीक्षा से निबटा जाए। यदि हमने बच्चों के अंदर परीक्षा के प्रति आत्मविश्वास जगाया और उसे इस बात का विश्वास दिलाया कि परीक्षा के परिणाम जो भी आएं इस परिणाम से उसे सीख कर तथा निरंतर आगे उत्तरोत्तर प्रगति करते रहना है तो वह बच्चा परीक्षा से दूर नहीं भागेगा। आज हम बड़े शहरों में देख रहे हैं कि परीक्षाओं की काउंसलिंग के नाम पर बड़े और महंगे सेंटर्स की भरमार है। ऐसी काउंसलिंग प्रधानमंत्री बड़ी सहजता के साथ बातचीत में ही करते चलते हैं।

**विचार**

# गठबंधन का हवाई किला ढहने की उम्मीद किसी को नहीं थी

**भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था।**

इंडी गठबंधन के बारे में राजनीति की समझ रखने वाले अधिकतर व्यक्तियों के अनुमान सही साबित हुए। गठबंधन की पहली बैठक के बाद से ही उसके भविष्य के बारे में जो कुछ कहा जा रहा था, वो शब्दशः धरती पर उतरता दिख रहा है। वास्तव में, इंडी नामक विपक्षी गठबंधन में चूंकि वैचारिक साम्यता नहीं है इसीलिए इसकी एकजुटता प्रारंभ से ही संदिग्ध रही है। उससे जुड़े दल मोदी विरोध पर तो एकमत हैं किंतु आपसी विश्वास नजर नहीं आने से एक कदम आगे, दो कदम पीछे वाली स्थिति बनी हुई है। एक तरफ तो भाजपा अपनी व्यूह रचना मजबूत करती जा रही है वहीं विपक्षी दलों में सीटों के बंटवारे की गुत्थी उलझती जा रही है। सीट के बंटवारे की वेला समीप आते ही, गठबंधन तिनकों की तरह बिखरता जा रहा है।

भारतीय राजनीति का इतिहास खंगालें तो पिछले 75 वर्षों में न जाने कितने गठबंधन बने और बिखरे, और पुनः बने। चूंकि विपक्ष की नियति टूटने की है, लिहाजा बार-बार गठबंधन करना पड़ता है। यह नियति हम जनता पार्टी के दौर से देखते आ रहे हैं। 2014 में केंद्र में मोदी सरकार के गठन के बाद से हर बीतते वर्ष के साथ विपक्ष की राजनीति की कांति लगातार प्रभावहीन हो रही है। मोदी सरकार के नौ वर्षों के कामकाज के बाद विपक्ष ने बड़ा साहस और शक्ति जुटाकर इंडिया गठबंधन का गठन किया था। गठबंधन के बाद विपक्ष ने मीडिया और प्रचार तंत्र के माध्यमों से ऐसा वातावरण और संदेश देने का काम किया था कि इस गठबंधन के सामने भाजपानीत एनडीए गठबंधन टिक नहीं पाएगा। लेकिन गठबंधन की पहली बैठक के समय से ही जिस तरह की चालाकी और व्यवहार गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेता एक दूसरे के साथ कर रहे थे, उससे ऐसा प्रतीत हो रहा था कि इस गठबंधन की आयु दीर्घ नहीं होगी। लेकिन इतनी छोटी होगी कि वो चुनाव से पहले ही बिखर जाएगा, इसकी उम्मीद तो किसी को भी नहीं थी।

विपक्षी गठबंधन अपने अस्तित्व के लगभग सात माह के दौरान चाय-नाश्ते पर बैठकें तो कर सका, लेकिन सीटों के बंटवारे, सचिवालय, संयोजक, साझा न्यूनतम कार्यक्रम, साझा नारा, ध्वज आदि पर आज तक सहमत नहीं हो सका है। अब तो अलगाव की नौबत भी आ गई है। बंगाल के अलावा, पंजाब की घोषणा भी अलगाववादी है।

बिहार से भी जो समाचार आ रहे हैं, उनके मुताबिक नीतीश कुमार इंडिया गठबंधन का साथ छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकते हैं। विपक्ष के सामने चुनौती है कि कैसे भाजपा को लगातार तीसरी बार चुनाव जीतने से रोका जाए और तमाम सर्वे कह रहे हैं कि प्रधानमंत्री देश के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। ऐसी स्थिति में मोदी का मुकाबला कैसे होगा ये अहम प्रश्न है? पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस और पंजाब में भगवंत मान ने आम आदमी पार्टी की ओर से घोषणाएं की हैं कि वे अकेले ही सभी सीटों पर लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। कांग्रेस के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा। अलबत्ता उन्होंने 'इंडिया' का हिस्सा बने रहने की भी घोषणाएं की हैं। अपने प्रभाव क्षेत्रों के बाहर गठबंधन के मायने क्या हैं? यदि ये घोषणाएं 'अंतिम' हैं, तो भाजपा की चुनावी संभावनाएं बढ़ सकती हैं। ममता और भगवंत मान दोनों ही अपने-अपने राज्य के मुख्यमंत्री हैं।

आश्चर्य यह है कि बंगाल में कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, के प्रति अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते रहे हैं। वह छुटभैया नेता नहीं हैं, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता हैं। वह ममता बनर्जी को 'अवसरवादी नेता' करार देते रहे हैं और बार-बार बयान देते हैं कि ममता कांग्रेस की कृपा और मदद से ही पहली बार सत्ता में आई थीं। कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ने में सक्षम है। ममता 'इंडिया' की भीतरी राजनीति से क्षुब्ध थीं। उनके प्रत्येक प्रस्ताव को खारिज किया गया। गठबंधन में वाममोर्चे के नेताओं का प्रभाव ज्यादा है और वे हरेक बैठक को 'तारपीडो' करते रहे हैं। ममता का आरोप है कि राज्य में कांग्रेस की रैलियां की जा रही हैं। उनके खिलाफ ज़हर उगला जा रहा है। राहुल गांधी की 'न्याय यात्रा' की न तो उन्हें जानकारी दी गई और न ही कोई आमंत्रण मिला। बंगाल में 'न्याय यात्रा' और राहुल गांधी के जो पोस्टर लगाए गए थे, ममता की घोषणा के बाद उन्हें फाड़ना शुरू कर दिया गया। दोनों दलों के बीच विषैला अलगाव इस सीमा तक पहुंच चुका है। अंततः ममता ने फैसला किया कि उनकी तृणमूल कांग्रेस पार्टी, कांग्रेस के साथ, कोई गठबंधन नहीं करेगी और सभी 42 लोकसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। हालांकि कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बयान देकर पार्टी का नरम रुख जताया कि ममता के बिना 'इंडिया' गठबंधन की कल्पना तक नहीं की जा सकती। बहरहाल, तृणमूल कांग्रेस बंगाल की सबसे मजबूत राजनीतिक ताकत है। 2019 के आम चुनाव में 43 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल कर उसके 22 सांसद जीते थे, जबकि कांग्रेस के 5.5 फीसदी वोट के साथ मात्र 2 सांसद ही संसद तक पहुंच पाए थे। वाममोर्चे को करीब 7.5 फीसदी वोट मिले थे, लेकिन सांसद के तौर पर 'शून्य' ही नसीब हुआ। भाजपा को 40 फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे और उसके पहली बार 18 सांसद चुने गए। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि पंजाब के सीटों पर किसी से समझौता नहीं होगा।

## बजट का बेसब्री से इंतजार

प्रेम शर्मा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फ़रवरी 2024 को संसद में अंतरिम बजट 2022 पेश करेंगी। इस अंतरिम बजट में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बाजार में विकास को बढ़ावा देने वाले कई पहलुओं पर दांव लगा सकती हैं।

निवेशकों और बाजार पर्यवेक्षकों को उम्मीद है कि अंतरिम बजट में वित्तमंत्री की ओर से होने वाली घोषणाओं से आगामी वित्त वर्ष के लिए सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में बहुत हद तक जानकारी मिलेगी। हालांकि बाजार के जानकारों का मानना है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अपने छठे बाजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं करेंगी, क्योंकि यह अंतरिम बजट है। आने वाला बजट वोट ऑन अकाउंट होगा, लेकिन ये चुनाव से पहले आ रहा है इसलिए सरकार पूरी कोशिश करेगी कि समाज के ज्यादा से ज्यादा वर्गों तक लाभ पहुंचे. सरकार के चार-पांच चीजों पर ध्यान देने की संभावना है जिसका संकेत प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले दे चुके हैं. युवा से संबंधित घोषणा की ज्यादा संभावना है, भारत में लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 साल से कम है, इसलिए युवाओं के लिए रोजगार, शिक्षा या कुछ न कुछ सुनने को मिल सकता है। भारत में लगभग 23 प्रतिशत महिलाएं देश की आर्थिक गतिविधियों में योगदान देती हैं, तो महिलाओं को आगे लाने का कदम उठाया जा सकता है फिर वो आमदनी, महिला रोजगार या किसी अन्य विषय की घोषणा कर सकती है। क्योंकि यह बजट केन्द्र सरकार के कार्यकाल को पूरा कर नई शुरूआत वाला बजट होगा इसलिए इसका आम से लेकर खास सभी संवर्ग को बेसब्री से इंतजार है। केंद्रीय बजट 2024 में वित्तीय वर्ष के लिए सरकारी व्यय और अनुमानित प्राप्तियों का विवरण शामिल होगा।

बजट आगामी वित्तीय वर्ष के लिए आवंटित किया जाता है, जो 1 अप्रैल से अगले वर्ष 31 मार्च तक चलता है।चूंकि लोकसभा चुनाव आने वाले साल की शुरुआत में होने वाले हैं, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण अब कोई बड़ी घोषणा नहीं करेंगी, जबकि वह 1 फरवरी को केंद्रीय बजट 2024 पेश करेंगी। आम चुनावों और नए प्रशासन की यथास्थिति के बाद, पूरा बजट खोजा जा सका। खर्च, राजस्व, वित्तीय घाटा, वित्तीय वर्ष का समग्र प्रदर्शन और आधुनिक प्रबंधन के बाद के वित्तीय वर्ष की अपेक्षाओं के अनुमान आम तौर पर एक विशिष्ट बजट में संरक्षित होते हैं। हालाँकि, इसमें कोई भी अच्छे आकार की नीतिगत घोषणाएँ शामिल नहीं हो सकतीं। बहरहाल चुनाव से पूर्व इस बजट में सात प्राथमिकता वाले क्षेत्रों का भी जिक्र किया गया है। सतत विकास, वित्तीय क्षेत्र, बुनियादी ढांचा और निवेश, क्षमता को उजागर करना, युवा शक्ति, अंतिम मील तक पहुंच और समावेशी विकास शामिल किया गया है।केंद्रीय बजट को लेकर सभी भारतीय नागरिक उत्साहित हैं क्योंकि उन्हें उम्मीद है कि आगामी बजट में उनके लिए लाभकारी योजनाएं, पुरस्कार कार्यक्रम और प्राथमिकताएं शामिल होंगी। अनुमान है कि इस नए केंद्रीय बजट 2024-2025 में 2023 के बजट की तरह ही टैक्स स्लैब 5 हो सकता है।

उम्मीद है कि वित्त मंत्री टैक्स सीमा छूट को 3.5 लाख तक बढ़ा सकते हैं। उम्मीद है कि सभी लोगों को इसके लिए रुपये चुकाने होंगे। वे सभी लोग जिन्होंने रु. 3.5 लाख से 6.5 लाख तक के लोगों को वित्तीय वर्ष के लिए अपनी कुल कर योग्य आय का 5 प्रतिशत कर देना होगा। वह व्यक्ति जिसने वित्तीय वर्ष में 7 लाख से 9.5 लाख तक की कमाई करने वालों को उस वित्तीय वर्ष की कुल कर योग्य कमाई पर 10 प्रतिशत टैक्स देना पड़ता है, और जिन लोगों ने रुपये कमाए हैं। 9.5 लाख से 13 लाख तक 15 प्रतिशत का भुगतान करना होगा, सभी लोगों ने 13 लाख से 20 प्रतिशत का भुगतान करने के लिए 16 लाख रुपये, और 16 लाख और उससे अधिक को वित्तीय वर्ष की कुल आय पर 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। आगामी बजट को लेकर आम लोगों को उम्मीद है कि इस बार उन्हें सरकार की तरफ से थोड़ी राहत दी जाएगी।



## राशिफल

**मेषः-** नकारात्मक चिन्ताओं को त्याग कर अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियों व सहकर्मियों के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनैतिक क्षेत्र के व्यक्तियों का सहयोग प्राप्त होगा।

**बृषभः-** शासन-सत्ता के लोगों के साथ निकटता बढे.गी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य सिद्धी के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ संभव।

**मिथुनः-** कठिन एवं विषम परिस्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति के ओर अग्रसर होंगे। समाजिक सक्रीयता से मान-प्रतिष्ठा में बृद्धि होगी। घरेलू दायित्वो के प्रति आपकी महत्ता बढ़ेगी।

**कर्कः-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकटस्थ सम्बन्धों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती है। तामसी व गैर कायरे पर आकर्षित मन पर अंकुश लगावें।

**सिंहः-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत् क्षेत्रों में संघर्ष संभव परन्तु निराशावादी बिचारों को मन में स्थान न दें।

कन्याः- नई सफ्लताओं से खुद की क्षमताओं का ऐहशास होगा। जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में ब्यय की अपेक्षित है।

**तुलाः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लाएगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। दुबिधाओं को त्याग कर सही व स्वच्छ योजनाओं पर केन्द्रित हों।

**वृश्चिकः-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरे में ब्यस्तता बढे.गी। परिजनों के सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आस-पास वातावरण में प्रसन्नता बिखेरेंगे।

**धनुः-** सम्बन्धों में ब्यवहारकुशल बनें। समाजिक व मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागीदारी संभव। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता आप में नए उत्साह का संचार करेगा।


**मकरः-** बिद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होगी। नवीन आशाएं नवीन उत्साह लाएंगी।

कुंभः- अन्तमरुखी स्वभाव को त्याग बहिरमुखी बनें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं।

**मीनः-** पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुखद अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से कोई अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन परेशान होगा।

# जीवन में ऊंचाईयां देते हैं सर्वांगीण शिक्षा, ज्ञान और संघर्ष

संजीव ठाकुर



**मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है। भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है।**

मनुष्य के जीवन में प्रेम तथा ज्ञान दोनों ही अत्यंत आवश्यक एवं उत्प्रेरक अंग है। प्रेम भावनात्मक तत्व है, जो मनुष्य को इंसान बनाता है, संवेदना और मानवता को जागृत करता है। ज्ञान की उत्कंठा या तार्किक क्षमता मनुष्य को निरंतर प्रगति की ओर ले जाती है। मनुष्य के जीवन में ज्ञान ही उसे मानवता के उत्कृष्ट शिखर पर ले जाता है, वह मनुष्य को पशुत्व से अलग रखता है। मनुष्य ज्ञान की अनुभूति के कारण ही मुस्कुराता हंसता है, जबकि जानवर इसके अभाव में मूक बना रहता है, हंसता,मुस्कुराता नहीं है, इसलिए मुस्कुराइए, हंसीये, प्रेम करिए और ज्ञान प्राप्ति की ओर उन्मुख होते रहिए, तब ही जीवन सार्थक हो सकता है।

प्रेम के बिना ज्ञान और अध्ययन मनुष्य को मशीन बना देता है। प्रेम और ज्ञान की अलग-अलग मीमांसा की गई है। प्रेम, ज्ञान की अपेक्षा अत्यधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि प्रकृति में अधिक घुल मिलकर आधारभूत तत्व तो बनाता है ही,बल्कि प्रेम प्रत्येक जीव में विद्यमान होता है। परस्पर एक दूसरे की भाषा नासमझ पाने वाले जीव भी एक दूसरे से प्रेम की भाषा द्वारा मधुर संवाद कर सकते हैं। प्रेम सभी प्रकार के माननीय बंधनों से परे है। जबकि ज्ञान प्राप्ति को मानवता में परम स्थान दिया गया है। प्राचीन भारतीय दर्शन एवं संस्कृति ने ज्ञान की महत्ता को महिमामंडित किया है और ज्ञान की प्राप्ति को सभी प्रकार के बंधनों से मुक्ति के लिए एक आधारभूत कारण भी बताया है। किसी मशीन अथवा कंप्यूटर को किसी भी प्रेरणा की आवश्यकता नहीं होती वह मनुष्य द्वारा दिए गए निर्देशों का केवल पालन करता है।

मनुष्य को प्रेरणा की आवश्यकता होती है ताकि वह ज्ञान प्राप्ति का साधन बन सके और यह प्रेरणा प्रेम द्वारा ही मिलती है,जिससे वह प्रेम करता है। उसके लिए निरंतर सहायता व लाभ देने का प्रयास ज्ञान द्वारा ही करता है। ज्ञान बिना प्रेम के निरंकुश भी हो सकता है और समाज को हानि भी पहुंचा सकता है, किंतु प्रेम से युक्त ज्ञान का उपयोग वैश्विक मानव कल्याण के लिए किया जाता रहा है। इतिहास में अनेक महापुरुषों ने अपने प्रेम, करुणा, ज्ञान से लोगों के जीवन क्रांतिकारी परिवर्तन किए हैं, और इतिहास की धारा को भी सकारात्मक रूप से आगे बढ़ाया है।

भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के जननायक महात्मा गांधी जी का जीवन भी प्रेम रोग ज्ञान का अद्भुत संयोजन था,उनका अहिंसा और सत्याग्रह मानव मात्र वह विश्व के प्रत्येक जीव के प्रति प्रेम का उत्कृष्ट उदाहरण है, इसके द्वारा उन्होंने संपूर्ण मानवता को प्रेम पूर्वक जीने का महान संदेश दिया है। गांधीजी के सिद्धांतों में हिंसा का कोई स्थान नहीं था। वह अन्यायी व्यक्ति का प्रेम द्वारा हृदय परिवर्तन में विश्वास रखते थे, उनका कहना था कि श्पाप से घृणा करो पापी से नहीं फ्ल स्वरुप उन्होंने अपने प्रेम से भारतीय जनमानस के हृदय जीत लिया और अपने ज्ञान को तर्कशक्ति से अंग्रेजों को भारतीय जनमानस के सामने झुकने पर मजबूर कर दिया और हमने स्वतंत्रता प्राप्त की। महात्मा बुद्ध ने अपने जीवन में अंगुलिमाल डाकू का हृदय परिवर्तन कर उसे महात्मा बना दिया था,उन्होंने ज्ञान व प्रेम के द्वारा उसका हृदय परिवर्तन कर दिया था। इसी तरह जब ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया तब उन्होंने स्वयं को सूली पर चढ़ाने वालों के लिए ईश्वर से यही प्रार्थना कि ईश्वर इन्हें माफकर देना इनको नहीं पता कि यह क्या करने जा रहे हैं।

इस तरह उन्होंने मानवता के सामने अपने प्रेम को ज्ञान का जो उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया हुआ अत्यंत दुर्लभ है आज संपूर्ण विश्व में प्रभु यीशु के अनुयायियों की संख्या सर्वाधिक है। भगवान श्रीराम ने प्रेम में वशीभूत होकर ही शबरी के जूठे बेर भी खा लिए थे, जबकि श्री राम सर्वाधिक ज्ञान में आदर्श मनुष्य थे। एक अच्छे और सार्थक जीवन के लिए प्रेम तथा ज्ञान दोनों का संबंध एवं समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण पहलू हैं। अकेला ज्ञान तथा अकेला प्रेम सदैव सार्थक नहीं हो सकता है। रावण ज्ञानी पुरुष था किंतु विध्वंस कारी भी था उसने प्रेम के अभाव में सिर्फज्ञान के चलते अपने कुल को नष्ट करवा दिया था।

प्रेम तथा ज्ञान के सदुपयोग से अच्छे जीवन का पथ प्रदर्शन भी किया जा सकता है। इससे हम केवल परिवार व्यक्ति या समाज ही नहीं बल्कि राष्ट्र के स्तर पर भी आत्मसात कर राष्ट्र को वैश्विक महानता की ओर ले जा सकते हैं। वर्तमान में हम संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप सामाजिक जीवन को सफलतापूर्वक संचालित करने में सक्षम है। आज हमारे सामने पर्यावरण संतुलन वैश्विक अपन गरीबी जैसी अनेक समस्याएं मौजूद हैं। हम सभी मूक प्राणियों वनस्पति आदि के प्रति ज्ञान का उपयोग दिखाकर उनके साथ प्रेम पूर्वक व्यवहार कर समस्या का समाधान कर सकते हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887, Email : samradhinews@gmail.com,
**संपादकीय कार्यालय : 201, 202 द्वितीय तल रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. : 9554964672, 9451244788 फोन नं. 0522-4077632, 3083627**

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

- जिला चिकित्सालयों/सीएचसी पर दिखे स्वच्छता, शौचालयों की हो प्रतिदिन सफाई: डीएम



बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**आम जनमानस** को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने एवं स्वास्थ्य योजनाओं के पर्यवेक्षण के लिए जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में डीएम ने नियमित टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं में एचआरपी चिन्हीकरण,ई कवच, संस्थागत प्रसव, आयुष्मान भारत, आरसीएच पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर की क्रियाशीलता एवं निर्माण की प्रगति, आशा भुगतान, 102 नेशनल एंबुलेंस सेवा की स्थिति, 108 इमरजेंसी मेडिकल ट्रांसपोर्ट सर्विसेज एंबुलेंस सेवाओं की स्थिति, जननी सुरक्षा योजना का भुगतान, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम आदि की गहन समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जनपद के सभी जिला चिकित्सालय,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं स्वास्थ्य केन्द्र साफ सुथरे हो तथा वहां स्वच्छ शौचालय हो इसके लिए बैठक में डीएम ने कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा की चिकित्सालयों में दिन में कम से कम दो से तीन बार शौचालयों की साफ सफाई सुनिश्चित किया जाए। शौचायल के दरवाजे पर सफाई कर्मचारियों की रोस्टर वाइस ड्यूटी एवं नाम चस्पा हो। सफाई कर्मचारियों के कार्यों के निरीक्षण के लिए सुपरवाइजर तैनात किए जाएं। प्रत्येक चिकित्सालयों में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था के लिए नोडल अधिकारी भी बनाए जाएं। नोडल अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे की अस्पताल में बेहतर हाइजीन मेंटेन हो एवं शौचालय नियमित रूप से दिन में दो से तीन बार साफ किया जाए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक पहुंचाने में आशा एवं एएनएम का बड़ा रोल होता हैं,निष्क्रिय एवं स्वास्थ्य योजनाओं में रुचि न ले रही आशा एवं एएनएम के विरुद्ध कारवाही करते हुए सेवा समाप्ति की कार्यवाही करें। नियमित टीकाकरण एवं संथागत प्रसव में प्रगति लाए जाने का निर्देश दिया,उन्होंने कहा की बेहतर मेकैनिज्म डेवलप करते कि प्राइवेट अस्पतालों में भी हो रहे प्रसव एवं टीकाकरण का शतप्रतिशत डाटा प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए। आयुष्मान योजना से अधिक से अधिक मरीजों को लाभान्वित किए जाने को मरीजों का प्रीऑथराइजेशन बढ़ाए जाने का निर्देश दिया। वीएचएसएनडी सत्र से पूर्व ड्यू लिस्ट बना लिए जाने, एचबीएनसी में ट्रेंड आशा का शत प्रतिशत विजिट सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, सीएमओ, समस्त अपर सीएमओ, सीएमएस, एमओआसी व अन्य संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नव नियुक्त सदस्यों को सपा प्रदेश सचिव सैयद तवक्कल हुसैन रिज़्वी व सपा नेता डॉक्टर एहसान ने दिया मनोनयन पत्र

उतरौला बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की अनुमति एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर सपा अल्पसंख्यक के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी द्वारा उतरौला विधानसभा क्षेत्र के मोहल्ला पटेल नगर निवासी इकबाल सिद्दीकी एवं पकड़ी बाजार निवासी मुनीर पाशा को समाजवादी अल्पसंख्यक सभा की राज्य कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया है। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी द्वारा जारी मानोनयन पत्र को समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव सैयद तवक्कल हुसैन रिजवी ने उतरौला स्थित अपने सपा कार्यालय पर अल्पसंख्यक सभा में नव नियुक्त दोनों प्रदेश सदस्यों को मनोनयन पत्र सौंपा। प्रदेश सचिव सैयद तवक्कल हुसैन रिजवी ने कहा कि जब से शकील नदवी में सपा अल्पसंख्यक सभा का कमान प्रदेश में संभाला है तब से अल्पसंख्यक सभा को मजबूती प्रदान करने में निरंतर बेहतर कार्य कर रहे हैं। अल्पसंख्यक सभा की राज्य कार्यकारिणी में सदस्य बनाए जाने पर इकबाल सिद्दीकी व मुनीर पाशा ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल, अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष शकील नदवी, प्रदेश सचिव सैयद तवक्कल हुसैन उर्फ़ अनिल रिजवी, सपा नेता डॉ एहसान खान को धन्यवाद अर्पित किया। नव नियुक्त दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि संगठन द्वारा जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन पूरी ईमानदारी से करूंगा। संगठन में क्षेत्र के अनेक अल्पसंख्यकों को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है जिससे संगठन को और मजबूती मिल सके। सपा प्रदेश सचिव सैयद तवक्कल हुसैन रिज़्वी एवं सपा नेता डॉक्टर एहसान खान ने दोनों लोगों को बधाई दिया। कहा कि आशा है कि अल्पसंख्यक सभा में नव मनोनीत दोनों सदस्य समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाते हुए संगठन को और अधिक बल एवं गतिशीलता प्रदान करेंगे।

# हिन्दू युवा वाहिनी के तत्वावधान में 15 जोड़ों का विवाह संपन्न

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**हिन्दू युवा** वाहिनी के तत्वावधान में पचपेडवा में सामूहिक विवाह में 15 जोड़ी वर वधुओ का विवाह देवी पाटन पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी व निवर्तमान विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू की उपस्थिति में संपन्न हुआ। पचपेडवा के लोकमान्य तिलक इंटर कालेज में हिंदू युवा वाहिनी के तत्वावधान में आयोजित 9वा सामूहिक विवाह कराया गया। जिसमें ज्यादातर वर वधू थारू जनजाति क्षेत्र से थे सामूहिक विवाह में 15 जोड़ी का पुरोहितों द्वारा विधि-विधान से विवाह कराया गया

इस अवसर पर मुख्य अतिथि देवी पाटन पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी ने सभी सभी वर वधुओ को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस अवसर पर आयोजक नवीन विक्रम सिंह निवर्तमान जिला प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी, प्रवीण सिंह ब्लाक प्रमुख तुलसीपुर,ब्लाक प्रमुख पचपेड़वा मनोज तिवारी,ए पी सिंह, परियोजना अधिकारी तेजपाल सिंह,ब्लाक अध्यक्ष रवींद्र जायसवाल,रवि वर्मा अध्यक्ष नगर पंचायत, अमित कुमार जायसवाल अप्पू, धर्मेन्द्र सिंह कलहंस गुड्डु, मदन लाल जायसवाल, पप्पू मिश्रा, बब्लू गुप्ता, राम सरन गुप्ता, सुरजीत जायसवाल, चंद्र शेखर शर्मा, अजय जायसवाल समेत दर्जनों गणमान्य लोग, समेत सैकड़ों वर वधू पक्ष के लोग उपस्थित रहे। आयोजक नवीन विक्रम सिंह ने बताया कि हिंदू युवा वाहिनी हर वर्ष गरीब लड़कियों का सामूहिक विवाह समारोह करवाती है यह लगातार 9 वा वर्ष है। समाज के सहयोग से यह विवाह करवाया जाता है।

# गौरा चौराहा क्षेत्र में तेंदुआ दिखा ग्रामीणों में दहशत

चौराहा,बलरामपुर। समृद्धि न्यूज

**दिखा तेंदुआ** ग्रामीणों में दहशत आज सुबह बेनीनगर थाना गौरा चौराहा अंतर्गत ग्रामीणों को तेंदुआ दिखा , तेंदुआ के दिखने के खबर फैलते ही आस पास के गावों में सन सनी फैल गई, गन्ना काटने, जानवर चराने, पशुओं के लिए चारा लेने गए महिला पुरुष दहशत में आ गए स्थानीय निवासी डीपी भारती,राजकुमार, दशरथ ने बताया कि उन्हें गन्ना सेंटर के पास रघुराज सिंह के खेत में तेंदुआ दिखा है शोर सुनकर तेंदुआ गन्ने के खेत में भाग गया, यह इलाका जंगल से काफी दूर मैदानी एरिया है जहां बहुतायत से खेती या तालाब, आम, सागौन, के बाग किसानों के हैं।।इरफान, अशोक, सूर्यनारायन, मनीष सिंह ने तेंदुआ को पकड़ने की मांग प्रशासन से की है।

# देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल टीम ने पत्रकारों को क्रिकेट मैच में हराया

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

**देहली वर्ल्ड** पब्लिक स्कूल के ग्राउंड में एक दिवसीय क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। इसमें पत्रकार एकादश और देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के बीच मैच खेला गया। दोनों तरफ से जमकर बल्लेबाजी और गेंदबाजी हुई।

रविवार को सुबह दस बजे से मैच शुरू हुआ। इसमें देहली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल की टीम ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी शुरू की। चौके छक्कों की बारिश से टीम ने 217 का स्कोर बनाया। इसमें बल्लेबाज विकास ने शतक लगाया। टी उपाध्याय ने 50 रन, रंजन ने 42 रन बनाए। फील्डिंग में राहुल दुबे, महेश प्रजापति, चंद्रप्रकाश ने अच्छी भूमिका निभाई। आसिफ ने धुआंधार गेंदबाजी की। दो विकेट भी चटकाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पत्रकार एकादश ने शुरूआत से ही चौके छक्के की बारिश की। ऑपनर बल्लेबाज राहुल दुबे और रविंद्र गौतम उतरे। जो कुछ खास नहीं कर पाए। इसके बाद आसिफखान और अकील की जोड़ी ने खूब रन बटोरे। लेकिन आसिफ खान का विकेट गिरने के बाद टीम को बड़ा झटका लगा। शानू बल्लेबाजी को आए। ओवर की पहली गेंद पर ऑउट हो गए। इसके बाद टीम के कप्तान सुशील पांडेय और जगत यादव बल्लेबाजी करने उतरे। लेकिन कुछ खास नहीं कर पाए। दस ओवर में टीम सिर्फ 150 रन ही बना पाई। टीम में कप्तान सुशील पांडेय, जगत यादव, राजेश द्विवेदी, नीरज द्विवेदी, दीपू द्विवेदी, चंद्र प्रकाश दुबे, महेश प्रजापति, सुधीर राणा, नसीम सिद्दीकी, अमित राजावत, सानू, रमेश पांचाल आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### प्रीमियर लीग मैच में जालौन टीम को उरई टीम ने सात विकेट से हराया

**जालौन (उरई)**। प्रदेश स्तरीय टी-20 जालौन प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ हुआ। शुभारंभ मैच में जालौन क्रिकेट क्लब की टीम को टीवर इलेवन उरई की टीम ने सात विकेट से हराया। जालौन क्रिकेट एकेडमी के तत्वावधान में प्रदेश स्तरीय जालौन प्रीमियर लीग का आयोजन रविवार से शुरू हो गया है। लीग का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, जालौन सेवा समिति के अध्यक्ष रामशरण विश्वकर्मा, डॉ. हरेंद्र सिंह, डॉ. अभय मिश्रा, एड. संतोष यादव, महेंद्र पाटकार मृदुल, गौरीश द्विवेदी, अभय सिंह राजावत, पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने कराया। टीवर इलेवन उरई की टीम ने टॉस जीतकर जालौन क्रिकेट क्लब को बल्लेबाजी का आमंत्रण दिया। जालौन की टीम ने शुरूआत धीमी रही और बल्लेबाजों के बीच साझेदारी भी अधिक नहीं टिक सकी। टीम का पहली विकेट 15 रन पर गिरा, 21 रन के स्कोर पर लगातार दो बल्लेबाज आउट हुए। 31 रन के स्कोर पर भी उरई की टीम ने लगातार दो बल्लेबाजों को आउट किया। निर्धारित 20 ओवर में जालौन क्रिकेट क्लब ने नौ विकेट पर 87 रन का स्कोर खड़ा किया। जालौन की ओर से सर्वाधिक 13 रन सिद्धेश्वर त्रिपाठी ने बनाए। इसके बाद कृष्णा ने 12 रन और संजय गौतम व मुकुल ने 10-10 रन की पारी खेली। स्कोर का पीछा करने उतरी टीवर इलेवन की टीम ने अच्छी शुरूआत की। टीम के सलामी बल्लेबाज श्रीकांत वर्मा ने धुआंधार 45 रन की पारी खेली। उन्होंने अपने खेल में चौकों और छक्कों की बरसात कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। उन्होंने अपनी पारी में छह चौके और तीन छक्के लगाए। उन्हें जालौन के स्पिनर हसनैन ने बोल्ड किया। इसके अलावा उत्तम कुमार ने 14 रन की पारी खेली। टीम ने नौ ओवर में तीन विकेट खोकर जीत हासिल की। उरई टीम के श्रीकांत वर्मा को मैन ऑफद मैच का खिताब दिया गया।

### बाड़े में बकरियां बांधने गये दलित युवक से पांच युवकों ने की मारपीट

**जालौन (उरई)**। बाड़े में बकरियां बांधने गए दलित युवक के साथ गांव के ही पांच लोगों ने मिलकर मारपीट कर दी थी। इसके बाद युवक के घर में घुसकर मामा पर चाकू से हमला किया और युवक के माता, पिता के साथ लाठी, डंडों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ऐदलपुर निवासी दलित महिला बबली देवी पत्नी विमलेश कुमार ने पुलिस को बताया कि शुक्रवार की देर शाम उनका पुत्र प्रियांशु बाड़े में बकरियां बांधने गया था। वहां गांव के ही राहुल, गोपालजी, गौरव, त्रिभुवन व अनिरूद्ध आ गए और प्रियांशु के साथ गाली, गलौज कर मारपीट कर की। उलाहना देने जब भाई अनीस उनके यहां गए तो उन्होंने अनीस के साथ भी मारपीट शुरू कर दी। भागकर जब अनीस घर आया तो वह लोग भी लाठी, डंडे और चाकू लेकर पीछे से घर में घुस आए। उन्होंने भाई अनीस पर चाकू से हमला कर दिया। जब उसने और पति ने बचाने की कोशिश की तो उन दोनों को भी लाठी, डंडों से मारा। जिसमें सभी को चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने सभी का चिकित्सकीय परीक्षण कराकर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इस संदर्भ में कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि मामले में सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने आरोपी चार व्यक्तियों को पकड़ा है। जिनके खिलाफविधिक कार्रवाई की जा रही है।

### गौसेवकों ने इम्युनिटी वर्धक लड्डू गौवंशों को खिलाए

**जालौन (उरई)**। नगर में निराश्रित गोवंशों को सर्दी से बचाने के लिए गोसेवकों ने इम्युनिटी वर्धक लड्डू खिलाए। इसके अलावा प्रत्येक माह के पहले रविवार को पंचगव्य उत्पाद और गोआधारित प्राकृतिक खेती का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सर्दी में मौसम में नगर में निराश्रित गोवंशों को सर्दी से बचाव के लिए कोई इंतजाम नजर नहीं आते हैं। निराश्रित गोवंश सड़क पर ही सर्दी में खुले में घूमते रहते हैं। कई बार वह बीमार भी हो जाते हैं। गोसेवा संयोजक एवं स्वामी नित्यानंद गोसेवा संस्थान लौना रोड के प्रबंधक सोहनलाल गुप्ता ने नगर में निराश्रित घूम रहे गोवंशों को इम्युनिटी वर्धक लड्डू खिलाए। उन्होंने बताया कि यह लड्डू बाजरे का आटा, गुड़, सौंठ, मैथी, हल्दी, आजवाइन, काली मिर्च आदि से तैयार किए गए हैं। यह तत्व न सिर्फ सर्दी से बचाव करेंगे बल्कि यह लड्डू गोवंशों के लिए टॉनिक का भी काम करेंगे। उनमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता भी विकसित होगी। ऐसे लड्डू बनाकर सभी लोग अपने आसपास रहने वाले निराश्रित गोवंशों के साथ ही घरों में जो पालतू गोवंश हैं उन्हें भी खिलाएं।

# स्व. अमरेश बहादुर सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट में दो टीम सेमीफाइनल में

बलरामपुर। समृद्धि न्यूज



**स्वर्गीय** अमरेश बहादुर सिंह चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट में दो टीमें सेमी फाइनल पहुंच गई है। जिसमें पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला जीसीसी गाँधी गाँव व एससीसी सिंगरौरा के बीच खेला गया । जिसमे एससीसी सिंगरौरा ने टांस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 85 रन बनाकर ढेर हो गई। जवाब में जीसीसी गाँधी गाँव आठ ओवर में 5 विकेट को कर मैच जीत लिया। जिसमें प्लेयर ऑफ द मैच प्रशांत को दिया जिन्होंने 22 रन बनाकर तीन विकेट भी लिया। वही दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला एससीसी सेमरहन व केसीसी महराजगंज तराई के बीच खेला गया। जिसमे एससीसी सेमरहन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया निर्धारित द्वारा ओवर में 8 विकेट खोकर 119 रन का विशाल लक्ष्य रखा। जवाब में केसीसी महराजगंज तराई ने 12 ओवर में 10 विकेट खोकर मात्र 85 रन ही बना पाई। जिससे एससीसी सेमरहन ने मुकाबले को 34रन से जीत कर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्का की प्लेयर ऑफ़ द मैच अफरोज को दिया गया जिन्होंने 24 रन बनाकर तीन विकेट झटके। टूर्नामेंट के आयोजक सौरभ सिंह ने प्लेयर ऑफ़ द मैच अवार्ड से सम्मानित किया। आयोजक की टीम में शिव मूर्ति सोनकर अंकित सिंह शैलेन्द्र सिंह गौतम सौरभ गुप्ता रियाज एवं मुस्तकीम आदि लोग शामिल है।

# मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत के बाद प्रतापपुरा में खलिहान की जमीन से अवैध अतिक्रमण हटवाया

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**विकास** खंड के ग्राम प्रतापपुरा में खलिहान की जमीन पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया था। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। शिकायत के बाद राजस्व विभाग की टीम ने खलिहान की जमीन की पैमाइश कराई। अतिक्रमण पाए जाने पर जेसीबी मशीन से अतिक्रमण हटवाया गया। ग्राम पंचायत प्रतापपुरा में गाटा संख्या 283 खलिहान की जमीन है। इस पर कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर लिया था। खलिहान की जमीन पर अतिक्रमण होने के कारण कृषि कार्य प्रभावित होने लगे थे। ग्रामीण पवन कुमार व राजाबेटा ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की थी। मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत होने के बाद स्थानीय प्रशासन हरकत में आया। नायब तहसीलदार मुकेश कुमार के नेतृत्व में राजस्व व पुलिस विभाग की टीम मौके पर पहुंची। कानूनगो नरेंद्र सिंह, लेखपाल सुधा अग्रवाल, पूजा राजपूत व इंद्रपाल की टीम ने गाटा संख्या 283 खलिहान की जमीन के साथ पड़ोसी नंबर 284 की पैमाइश कराई। पैमाइश में टीम को खलिहान की जमीन पर अतिक्रमण मिला। अतिक्रमण मिलने पर पुलिस व राजस्व विभाग की टीम ने ग्राम प्रधान कामता प्रसाद समेत शिकायतकर्ता व अतिक्रमणकारी की उपस्थिति में खलिहान की जमीन पर बनी दीवाल व अस्थाई निर्माण को जेसीबी लगाकर हटवा दिया। सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण हटाने के बाद टीम ने ग्रामीणों को निर्देशित कर कहा कि कोई भी व्यक्ति सरकारी जमीन पर अतिक्रमण नहीं करेगा। सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है और शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है। किसी ने पुनः अतिक्रमण करने का प्रयास किया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पीएम ने मन की बात में संविधान और राम राज्य का किया जिक्र

जालौन (उरई)। समृद्धि न्यूज



**नए के** पहले महीने प्रधानमंत्री ने मन की बात के 109वें एपीसोड में संविधान और रामराज्य का जिक्र किया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष के आवास पर लोगों ने मन की बात कार्यक्रम को सुना।

साल के पहले महीने के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 109वें एपीसोड का प्रसारण किया गया। जिसे शक्तिकेंद्र गणेशजी में बूथ संख्या 41 पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष निशा माहेश्वरी के आवास पर निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष रामेंद्र सिंह सेंगर बनाजी सहित आसपास के लोगों ने सुना। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने गणतंत्र दिवस से लेकर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बात की। पीएम ने बताया कि किस तरह से इस साल हमारे संविधान को 75 साल हो गए। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 75 साल होने पर भी बधाई दी। पीएम मोदी ने गणतंत्र दिवस के मौके पर कर्तव्य पथ पर महिला सशक्तिकरण को लेकर भी बात की। भगवान राम को याद करते हुए पीएम ने बताया कि संविधान के तीसरे अध्याय के शुरुआत में हमारे संविधान निर्माताओं ने भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मणजी के चित्रों को स्थान दिया था। प्रभु राम का शासन, हमारे संविधान निर्माताओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत था। इस मौके पर अनिल याज्ञिक, गौरव गुर्जर, राजीव मिश्रा, प्रदीप, अमित तिवारी, राजीव माहेश्वरी, सुमन आदि मौजूद रहे।

# उपनिरीक्षक के बेटे का डिप्टी एसपी के पद पर हुआ चयन




**कुठौंद (जालौन)**। पिता उप निरीक्षक सोबरन सिंह दोहरे ग्राम खेड़ा मुस्तकिल बघौली के मूल निवासी हैं उनके बेटे देशराज दोहरे 39 सर्वी रैंक पास करते हुये इतिहास रचकर डिप्टी एसपी बनने का सपना साकार कर लिया। बताया जाता है कि देशराज की मां का नाम शकुंतला देवी ने गांव के ही प्राथमिक विद्यालय से शिक्षा प्रारंभ कराई आज वही होनहार अपने माता-पिता न बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिखाया। ग्राम प्रधान अरविंद सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए इस नाम रोशन करने वाले देशराज डिप्टी एसपी के पद पर नियुक्त होने की खबर को सुनते ही खुशी से अपने सैकड़ों साथियों को क्षेत्रीय जानकारी देते हुए मिष्ठान खिलाकर खुशियों का इजहार किया देखो अब देखो हवाएं हमारे ग्राम सभा के होनहार देशराज ने 39 भी रैंक पास कर ग्राम वासियों का ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र वासियों के साथ जनपद जालौन का नाम रोशन कर दिखाया। इसके लिए उनके माता-पिता के संस्कारों बस रहना करता हूं कि ऐसे जालौन जिला में होनहार अच्छे पढ़ने वाले छात्रों की यही पहचान होती है।


## कार्यालय ग्रा0पं0 रसीदपुर तराई वि0ख0 शमशाबाद, फर्रु0

पत्रांक: ग्रा0पं0/राज्य वित्त/15वां वित्त/टेण्डर प्रकाशन वित्तीय वर्ष 2023-2024 — दिनांक 28/01/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत रसीदपुर तराई द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री व अन्य आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 29/01/2024 से 03/02/2024 तक अपरान्ह 3 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03/02/2024 को अपरान्ह 4 बजे प्रधान/सचिव/अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0पं0 कार्यालय से रु0 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | मोहनलाल के मकान से पंचायत घर के गेट तक इंटरलॉकिंग व एक तरफ नाली निर्माण | 273716.72 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | फूल सिंह के मकान से अमन सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग व नाली निर्माण | 246504.57 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:**- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (महेश चन्द्र)  ग्रा0पं0 रसीदपुर तराई, शमशाबाद  सचिव (अभय प्रताप)

## कार्यालय ग्राम पंचायत श्रृंगीरामपुर वि0ख0 कमालगंज, फर्रु0

पत्रांक: मीमो /मनरेगा योजनान्तर्गत/ 2023-24 — दिनांक 28/01/2024

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत श्रृंगीरामपुर विकास खण्ड कमालगंज जनपद फर्रुखाबाद द्वारा निम्न परियोजना में निर्माण सामग्री संदर्भित कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 29/01/2024 से 04/02/2024 तक की अपरान्ह 3-00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 18/01/2024 को सायं 4:00 बजे अपरान्ह ग्राम पंचायत में प्रधान, सचिव, अवर अभियंता एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 29/01/2024 से 04/02/2024 तक अपरान्ह 2-00 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में ग्राम पंचायत से रु0 500.00 अदा करने पर प्राप्त की जा सकती है।

| क्रं. | कार्य का नाम | मद | सामग्री का विवरण | स्वीकृत प्राकलन के अनुसार सामग्री की लागत (रु0 लाख में) | जमानत धनराशि 2 प्रतिशत रु0 | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1- | जगराम के घर से डामर रोड तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 511278=09 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | मथुरा के घर से मूलचन्द्र के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 425628=44 | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | सयोगिता मार्ग से खुदागंज रोड तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | मनरेगा | बिल ऑफ क्वा0 के अनुसार | 283419=23 | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते:**- ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान (अवनीश उर्फ पिन्टू यादव)  ग्रा0पं0 श्रृंगीरामपुर, कमालगंज  सचिव (आलोक दुबे)

# गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कर दवाएं व पोषाहार उपलब्ध कराएं: डीएम

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ला ने कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जिला पोषण समिति की समीक्षा करते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सीडीपीओ, सुपरवाइजर, आंगनवाडी सहायिका की टीम बनाकर जिस ग्राम में ज्यादा संख्या में सैम बच्चे मिल रहे है, उस ग्राम का घर-घर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। कहा कि उनकी देखभाल के लिए सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त की जाएं जिससे बच्चों का विकास किसी भी रूप में बाधित न हो। डीएम ने समीक्षा बैठक में कहा कि बच्चों का चिन्हांकन कर लंबाई, वजन, स्वास्थ्य परीक्षण आदि सही से होना चाहिए। कहा कि जिन सैम व मैम बच्चो का वजन कम है उन्हे सरकारी अस्पताल में 14 दिनो के लिये भर्ती कराकर स्वास्थ्य चिकित्सा मुहैया करायी जाये। बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराते समय वजन किया जाए और डिस्चार्ज करते समय भी वजन किया जाए। वजन बढ़ने पर ही डिस्चार्ज किया जाये। सैम और मैम बच्चों का ट्रीटमेंट समय से हो इसके लिए सबको जागरूक होना चाहिए। बताया गया कि परियोजना पोषण ट्रेकर पर आधार वैरीफाई कुल 202328 लाभार्थियो के सापेक्ष 201777 लाभार्थियो का हुआ है, शेष 551 आधार वैरीफाई पेडिंग है, डीएम ने कहा कि समय से शतप्रतिशत कराया जाये। उन्होने निर्देश दिये कि पोषण ट्रैकर पर आधार अनवैरिफाई 336 रह गये है और 170 एरर दिख रहे है तथा मोबाइल नम्बर सत्यापन हेतु 75139 का होना है, जिसे शीघ्र पूर्ण किया जाये। इसमें किसी प्रकार की हीलाहवाली न की जाये, अन्यथा संबंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी। उन्होंने निर्देश दिए की



लेक्टिंग मदर और 0 से 6 माह के बच्चों में जो 1253 का अंतर है उसे सही से ठीक किया जाए। कहा कि बच्चों का महीने के प्रथम मंगलवार को वजन समय से कराया जाए। छूटे हुए बच्चों का वजन जल्द से जल्द किया जाए। श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि आरबीएसके टीम द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रो का समय-समय से भ्रमण किया जाए और जिन केंद्रो में बच्चों की उपस्थिति कम पाई गई है उनमें उपस्थित बढ़ाई जाए। बच्चों की उपस्थित 90 प्रतिशत होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की फर्जी रिपोर्ट न बनाई जाए। कहा कि 1579 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र और 36 नॉन को-कोलोटेड ऑगनवाड़ी केन्द्र संचालित है, जिसमें कन्वर्जन कास्ट, बच्चो की उपस्थित, राशन की उपलब्धता, आदि की रिपोर्ट माहवार सूचना बनाकर दी जाए। वास्तविकता के आधार पर ही कार्य करें। कहा कि ऑगनवाडी केन्द्र से समन्वय स्थापित कर 11 से 14 वर्ष की 701 किशोरियों को जो विद्यालय नही जाती है उन्हें चिन्हित कर आयरन सप्लीमेंट की किट उपलब्ध करायें। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच कर दवाये व पोषाहार उपलब्ध कराये, जिससे होने वाला बच्चा कुपोषण मुक्त हो। हॉट कुक्ड मील के अंतर्गत 03-06 वर्ष के बच्चों को गर्म पका भोजन पीएम पोषण योजना के मेन्यू की भांति ही दिया जाए। उन्होने कहा कि सभी केंद्रों में राशन वितरण समय से होना चाहिए। समस्त सीडीपीओ रिव्यू करें कि किस दिनांक तक राशन मिलेगा। एक सिस्टम बनाएं और सिस्टम के आधार पर राशन वितरण किया जाए। एएए की मीटिंग में सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की उपस्थिति अनिवार्य है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत अन्य सम्बन्धित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर डॉ. सुधीर दीक्षित हुये सम्मानित

- नागरिकों व शुभचिंतकों ने आवास पर पहुंचकर बधाई दी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**स्वास्थ्य** मंत्रालय ने कन्नौज जनपद से प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत नामित चिकित्सालय के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने पर दीक्षित नेत्र चिकित्सालय को गणतंत्र दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट सेवा सम्मान से मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निदेशक को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

देश के 75 वें गणतंत्र दिवस पर मुख्य चिकित्सा विभाग कन्नौज ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत नामित चिकित्सालय दीक्षित नेत्र चिकित्सालय को उत्कृष्ट सेवा के लिए के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी विनोद कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने दीक्षित नेत्र चिकित्सालय के निदेशक डॉ. सुधीर दिक्षित को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा की जिस तरह से डॉ. सुधीर दीक्षित ने आरोग्य योजना के लिए दिन-रात मेहनत की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे उसके वह बधाई के पात्र हैं। और आशा है की वह निरंतर इस कार्य को आगे बढ़ाते रहेंगे। इस मौके पर सभी अधिकारी गणों ने शपथ भी ली। इस अवसर पर डीपीएम धीरेंद्र आर्य, अपर चिकित्सा अधिकारी, अपर सोध अधिकारी वाई के मंजुल, एडिश्नल सीएमओ सहित कई लोग मौजूद थे।



सम्मान प्राप्त करते डा. सुधीर दीक्षित — समृद्धि न्यूज

# खबरें चलते-चलते

## छात्र-छात्राओं को वितरित किए गए स्मार्टफोन





**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।** उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से विद्यार्थियों को अच्छी व ऑनलाइन शिक्षा देने के लिए स्मार्टफोन वितरित किए जा रहे है। इसीक्रम में रविवार को गुगरापुर क्षेत्र के अविका डिग्री कॉलेज चांदापुर में स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अमित दोहरे पुत्र स्व.बनवारीलाल दोहरे ( विधान परिषद सदस्य भाजपा) व विशिष्ट अतिथि महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष गीता पाठक ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित माल्यार्पण कर किया। इसके बाद अतिथियों ने छात्र- छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया। इस मौके पर गीता पाठक ने कहा कि सरकार शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर नवीन योजनाएं बना रही है। महाविद्यालय के प्रबंधक राजीव कुमार ने कहा कि इस संचार उपकरण के माध्यम से स्वयं साइट पर अनगिनत नवीन कोर्स से निःशुल्क शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं। विश्वभर की शैक्षिक संस्थाओं की पठन-पाठन सामग्री निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने मोबाइल के सदुपयोग एवं दुर्पयोग के बारे में भी बताया। इंजीनियर आर के वर्मा ने कहा कि इस महत्वाकांक्षी योजना के फलस्वरूप विद्यार्थियों को सहजता से विविध जानकारियां प्राप्त हो सकेंगी। मुख्य अतिथि अमित दोहरे ने छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार ने स्मार्टफोन वितरण करके एक अच्छी पहल की है। आप सभी इस स्मार्टफोन का सदुपयोग कर शिक्षा ग्रहण करें। कार्यक्रम का संचालन डॉ हरिओम प्रजापति ने किया। इस दौरान महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य डॉ जितेंद्र द्विवेदी, प्राचार्या डॉ पल्लवी, डॉ शिववीर सिंह, डॉ सुरेंद्र कुमार, मोरपाल सिंह, दिलावर सिंह, सचिन सहित आदि रहे।

## एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रक में पीछे से टकराई कार

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज।** तिर्वा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गतं आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर घने कोहरे के चलते शनिवार की रात एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया, इसी बीच दुर्घटनाग्रस्त खड़े ट्रक में पीछे से आ रही एक कार टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और यूपीडा के कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए। कार सवार घायल युवकों को राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें देखते ही मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया। वहीं मृतक युवकों के परिजनों को घटना की सूचना दी। जानकारी के अनुसार तिर्वा कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे के किलोमीटर संख्या-186 पर एक ट्रक डिवाइडर से टकरा गया था। दुर्घटनाग्रस्त होने के कारण ट्रक वहां खड़ा रहा। इसी बीच घने कोहरे की वजह से पीछे से आ रहे कार चालक को दुर्घटनाग्रस्त ट्रक नजर नहीं आया और कार ट्रक के पीछे जा टकराई। हादसे में कार में सवार दो युवक गंभीर रुप से घायल हो गये। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और यूपीडा के कर्मी घटनास्थल पर पहुंच गए। कार में फंसे दोनों युवकों को किसी तरह बाहर निकाला गया और दोनों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया। यहां चिकित्सकों ने चिकित्सीय परीक्षण के बाद दोनो युवकों को मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि कार में सवार 20 वर्षीय अभिषेक आनंद पुत्र अदीप कुमार मधेपुरा बिहार के स्टेशन चौक वार्ड नम्बर-21 का रहने वाला है वहीं दूसरे युवक का नाम पीयूष बताया गया है। पुलिस ने अभिषेक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। बताया गया कि कार सवार दोनों युवक लखनऊ से आगरा की तरफजा रहे थे।

# विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने मोहल्ला बनवारी नगर में सामाजिक चिंतन की बैठक की

- किन्नरों की बदसलूकी और हरकतों से नागरिक परेशान

**छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज**

गली में पहले जब ढोलक बजती थी तब खुशियों की सूचना मिल जाती थी, लेकिन आज ढोलक थाप की दहशत पैदा कर रही है। तालियों की आवाज सामाजिक संस्कृति को प्रभावित कर रही है। मनचाहा नेग न मिलने पर आये दिन किन्नरों की बदसलूकी और हरकतों से परेशान होकर छिबरामऊ के विभिन्न सामाजिक संगठन के पदाधिकारियों ने मोहल्ला बनवारी नगर में सामाजिक चिंतन बैठक की। बैठक में प्रस्ताव पारित में मांग की गई कि गेस्ट हाउस परिसर में किन्नरों का प्रवेश वर्जित हो, व्यक्ति के द्वारा स्वैच्छिक रूप से दिये



जाने वाला नेग स्वीकारा जाये, आर्थिक रूप से कमजोर तबके से जबरन वसूला गया संचालक अरुणेश चतुर्वेदी ने कहा कि पहले के समय में शादी अथवा बालजन्म के अवसर पर दादी, बुआ, ननद, बाबा सब मिलकर गाते और नाचते थे और खुश होकर हैसियत के हिसाब से नगद, सोना, चांदी, कपड़े, अनाज देते थे 5000 से 50000 तक की वसूली की जा रही है आईपीसी की विभिन्न धाराओं में गंभीरता केस भी दर्ज होते है पीड़ित व्यक्ति 112 या नजदीकी कोतवाली में शिकायत कर सकता है। विश्व हिंदू परिषद के आशु तिवारी, विजय चौहान, अमित, अनुराग अग्निहोत्री ने कहा शादी समारोह में लाखों रुपए के जेवरात सहित नगदी होती है किन्नरों के साथ लुटेरे भी आ सकते है ऐसे में नागरिक, पुलिस प्रशासन और गेस्ट हाउस संचालकों के मध्य सूचना प्रसारण के व्हाट्सएप ग्रुप बनें। । परशुराम सेना के रजनीश दुबे ने कहा कि सभ्य समाज में इस तरह का आचरण बर्दाश्त नही किया जाएंगे व्यापारी अनुज त्रिपाठी, सचिन राज गुप्ता ने कहा कि दुकानों से मनमाना नेग वसूली के लिए अभद्रता की जाती है। राष्ट्रीय सनातन संघ के सदस्य ऋषभ दुबे , श्याम वर्मा ने बताया कि किन्नर किसी मजबूरी नही समझना चाहते। सुभाष शर्मा, मोहित चौहान, सुरेश, राजू ने किन्नर के बर्ताव का जिक्र करते हुए कहा कि मोहल्ले के सभासद के माध्यम से किन्नरों को नेग मिलना चाहिए। प्रस्ताव में स्टॉप किन्नर मनमानी हैश टैग नारा भी दिया गया। जल्द ही प्रशासन स्तर पर कार्यवाही के सदस्यगण लिए उच्चअधिकारियों से मिलेंगे।

# धूमधाम से मनाई गई महाराज मणिकुण्डल की जयंती

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**श्रीराम भक्त** महाराजा मणि कुंडल जी महाराज की जयंती को वैश्य समाज ने बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया। साथ ही बाहर से आये कलाकारों ने भक्तिमय भजन सुना कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया। इस दौरान मौजूद वक्ताओं ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर करनें का संकल्प लिया।

नगर के मुख्य चौराहा पर स्थित राम जानकी मंडपम में रामभक्त मणिकुण्डल महाराज की जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि राज्य महिला आयोग की सदस्य प्रभा गुप्ता, सांसद सुब्रत पाठक, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदोरिया ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान राज्य महिला आयोग सदस्य प्रभा गुप्ता ने महाराज मणिकुण्डल के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुये बताया कि अयोध्या में महाराजा दशरथ के शासनकाल में नगर के सेठ मणि कौशल पुत्र के रूप में पौष पूर्णिमा में जन्म हुआ था उन्होंने वैश्य समाज को हमेशा ऊंचाइयों पर पहुंचाया। सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अयोध्या वासी समाज के द्वारा प्रभु राम के आदेश पर समाज हित में कार्य किया है।

इस मौके पर भाजपा जिला प्रभारी इंद्रपाल सिंह पटेल, वैश्य महासभा के निदेशक उमाशंकर गुप्त, सौरिख चेयरमैन राहुल गुप्ता, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेंद्र कौशल, हरिओम गुप्ता सहित वैश्य समाज के सैकडों लोग मौजूद रहे।

# शक्तिपीठों के दर्शन को जा रहे पदयात्री का स्वागत




**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**पुरानी कहावत** है की मंजिल उनको मिलती है जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता हौसलों से उड़ान होती है, ऐसा ही एक नज़ारा 26 जनवरी को देखने को मिला जब एक युवक 3000 किलोमीटर की पदयात्रा करने के लिए अपने घर से निकल पड़ा और इससे पहले भी जनवरी 2023 में उसने 2250 किलोमीटर तक की पदयात्रा की थी। मुजफ्फरपुर बिहार का रहने वाले राजा बाबू नगर के मुख्य चौराहे से पदयात्रा करते हुए जा रहे थे तभी स्थानीय नागरिकों ने रोक लिया और फूलमालायें पहनाकर जोरदार स्वागत किया। बातचीत के दौरान राजा बाबू ने बताया कि वह 11 शक्तिपीठों के दर्शन के लिए मुजफ्फरपुर बिहार से पदयात्रा पर निकले है। यात्रा लगभग 3000 किलोमीटर की है और यह यात्रा लगभग 6 महीने में पूरी होगी। बताया कि इससे पहले भी वर्ष 2023 में उन्होंने मुजफ्फरपुर से जम्मू तक की लगभग 2250 किलोमीटर की यात्रा 4 महीने में तय कर चुका था। बताया कि वह प्रतिदिन 25 से 30 किलोमीटर पदयात्रा करते हैं। इस मौके पर विजय गुप्ता, संतोष कुमार, आशीष कुमार अस्सी, राजकुमार, गौरव वर्मा, रवि सविता, अरुण तिवारी, नीरज गुप्ता, पंकज बादशाह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# 'छात्र-छात्राओं के शैक्षिक विकास के लिये स्मार्टफोन उपयोगी है'

- ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने वितरित किए स्मार्टफोन, हुआ जोरदार स्वागत

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**उजागर लाल** डिग्री कॉलेज टपकापुर में उत्तर प्रदेश सरकार की स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिस में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित करने के उपरांत कहा कि छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य एवं उनके शैक्षिक विकास के लिए स्मार्टफोन उपयोगी है छात्र एवं छात्राएं स्मार्टफोन का दुरुपयोग ना करें।



बच्चों को स्मार्टफोन वितरित करते प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर

स्मार्टफोन टेबलेट वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर ने कहा कि हमारी सरकार दूरगामी योजनाओं को क्रियान्वित कर रही है। देश के युवाओं को डिजिटल भारत के निर्माण की श्रेणी तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा जो स्मार्टफोन छात्र-छात्राओं को दिए जा रहे हैं उनका सदुपयोग करें। इससे पूर्व विद्यालय के प्रबंधक कृपा रामपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि 2023 के पास आउट बीएससी फाइनल के छात्र एवं छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए हैं। उधर कार्यक्रम के आयोजन प्रबंधक कृपाराम पाल, इंद्रपाल, वेद रामपाल, शिवेंद्र पाल, नीलेंद्र पाल, रवि पाल, श्रवण कुमार पाल, पूर्व प्रधान कौशलेंद्र सिंह पप्पू ठाकुर आदि ने तालग्राम ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजीव सिंह ठाकुर का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से संत रामपाल, राम रहीम पाल, रामलाल, सतीश यादव, राजवीर, अजय पाल, राम अवतार, प्रमोद कुमार आदि सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# महिलाएं आपातकाल में लें हेल्पलाइन नंबरों की मदद



- मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**

**उच्चाधिकारियों के** निर्देशन में कोतवाली पुलिस द्वारा नगर के प्रमुख मार्गो पर मिशन शक्ति अभियान चलाते हुये आने जाने बालीम महिलाओं को हेल्पलाईन नम्बरों की जानकारी देकर जागरूक किया गया। बताया कि महिलायें संकटकाल में हेल्पलाइन नंबरों का प्रयोग करें।

रविवार को कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में महिला आरक्षियों द्वारा नगर के जीटी रोड, तिर्वारोड, रेलवे रोड सहित रेलवे स्टेशन पर आने जानें बाली महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही बूमेन पॉवर लाईन 1090, डायल 112, ऑपरेशन कवच की जानकारी देकर जागरूक किया। बताया कि आप लोग अपनी समस्याओं को उन हेल्पलाइन नंबरों पर दर्ज करा कर अपनी समस्याओं का निस्तारण करा सकती हैं। कहा की अगर किसी भी महिला का किसी प्रकार से शोषण किया जाता है तो वह अपनी शिकायत संबंधित कोतवाली या थाने में करें। कहा कि किसी भी महिला को किसी से डरने की कोई जरूरत नहीं है। इस मौके महिला आरक्षी प्रियंका, राखी, रोशनी बालियान, विजय सिंह आदि मौजूद रहीं।

**शिविर** — अपर्णा फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब शौर्य के संयुक्त तत्वावधान में मेरठ कोल्ड स्टोरेज परिसर में लगाया गया निःशुल्क नेत्र आपरेशन एवं निःशुल्क कृत्रिम अंग वितरण शिविर

# असहाय व गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य और सच्ची सेवा है: एसपी

- विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा शिविर में 217 नेत्र रोगियों की हुई जाच, 53 मरीजों को आंख के ऑपरेशन के लिए जवाहरलाल नेहरू रोतहगी हॉस्पिटल भेजा गया
- शिविर में 20 दिव्यांगों के आर्टिफिशियल हाथ और पैर लगाए गये

**कन्नौज,समृद्धि न्यूज**

**रविवार को** अपर्णा फाउंडेशन एवं रोटरी क्लब शौर्य के संयुक्त तत्वाधान में जिला मुख्यालय के सरायमीरा जीटी रोड स्थित मेरठ कोल्ड स्टोरेज परिसर में निशुल्क कृत्रिम अंग वितरण एवं निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया गया। शिविर में 217 नेत्र




रोगियों की जाच की गई जिसमे से 53 मरीजों को आंख के ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर ऑपरेशन के लिए रोटरी क्लब द्वारा बस के माध्यम से कानपुर स्थित जवाहरलाल नेहरू रोतहगी हॉस्पिटल भेजा गया। इसके अलावा बीस दिव्यांगो को आर्टिफिशियल हाथ और पैर लगाए गये। वहीं 21 मरीजों को विभिन्न बीमारियों के ऑपरेशन के लिए चिन्हित किया गया। इस अवसर पर सरायमीरा निवासी जगदीश मिश्रा ÷पिंकू÷ को पशु प्रेमी की उपाधि से पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि असहाय व गरीबों की सेवा करना सबसे पुनीत कार्य और सच्ची सेवा है। कहा कि वर्तमान समय में आए दिन दुर्घटनाओं से मनुष्य अपने अंग प्रत्यंग खो देता है। ऐसे समय में पीड़ित इंसान को इस कैंप से बहुत राहत मिलेगी। अपर जिला जज एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव लवली जायसवाल ने कहा कि रोटरी क्लब शौर्य एवं अपर्णा फाउंडेशन के सदस्यों एवं समाजसेवियों द्वारा आयोजित किया गया यह कैंप अपने में एक उदाहरण है। उन्होंने कहा कि जनपद के अन्य समाजसेवियों को ऐसे कार्यों में बढ़चढ़ कर आगे आना चाहिए। उन्होंने रोटरी क्लब के सदस्यों से इस कैंप को जिला जेल में लगवाने का भी अनुरोध किया, जिस पर रोटरी क्लब शौर्य के सदस्यों ने एक स्वर में स्वीकार करते हुए कहा कि जल्द ही कैम्प लगवाए जाने के सम्बन्ध में विचार विमर्श कर तारीख निश्चित कर ली जाएगी। इस अवसर पर अपर्णा फाउंडेशन के चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, डायरेक्टर मदन गुप्ता, चार्टेड प्रेसिडेंट अमिताभ गुप्ता, रोटरी क्लब कन्नौज के अध्यक्ष उमाकांत शुक्ला, रोटरी क्लब शौर्य के अध्यक्ष राजेश कपूर, सचिव डा. अमित मित्रा, भूपेश श्रीवास्तव, डा. आरके मौर्य, डा. देवकी नन्दन, पंकज कपूर, दीपक मालवीय, पुष्कर कन्नौजिया, डा. आनंद कुमार, सपना गुप्ता, इंदू गुप्ता, दीपा गुप्ता सहित कई रोटेरियन, तथा चिकित्सक एवं गणमान्यजन मौजूद रहे।

# किशोर की अचानक हालत बिगड़ी, उपचार के दौरान मौत

- परिजनों ने डाक्टर पर गलत इलाज करने का लगाया आरोप
- पुलिस ने डाक्टर को लिया हिरासत में, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**



मृतक का फाइल फोटो



पोस्टमार्टम हाउस में मौजूद मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**ट्यूबवेल** में नहाते समय किशोर की अचानक हालत बिगड़ गयी। जिससे उसकी आंख की अचानक रोशनी चली गयी। परिजन कस्बे के एक चिकित्सक के पास लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान किशोर की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम उगरपुर निवासी रामआसरे कठेरिया पुलिस विभाग में चौकीदार है। उसका 16 वर्षीय पुत्र शिवा शाम 4 बजे ट्यूबवेल पर नहा रहा था, तभी उसकी अचानक तबियत खराब हो गयी और आंखों की रोशनी चली गयी। जिस पर ग्रामीणों ने उसके परिजनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंचे परिजनों ने उसे कस्बे में ही स्थित एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टर अंकित वर्मा ने उसका उपचार शुरु किया और उसके कई इंजेक्शन लगाये। जिससे उसकी हालत और बिगड़ गयी। जब तक परिजन उसे लेकर कहीं और चिकित्सक के पास जाते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि डाक्टर के गलत उपचार के कारण मेरे पुत्र की मौत हो गयी। परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिकित्सक को हिरासत में ले लिया। समाचार लिखे जाने तक चिकित्सक पुलिस हिरासत में था। पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया। मृतक कक्षा 8 का छात्र था। छात्र की मौत के बाद मां ओमश्री व भाई श्यामू तथा बहन शुगम का रो-रोकर बुरा हाल था।

# मन की बात कार्यक्रम सुनने से मिलती प्रेरणाः बबिता वर्मा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



मोदी के मन की बात को सुनते भाजपाई — समृद्धि न्यूज

**शक्ति केन्द्र** सधवाड़ा में मन की बात कार्यक्रम को भाजपा पदाधिकारियों ने बबिता वर्मा के आवास पर ध्यानपूर्वक सुना। मन की बात को सुनने के बाद मण्डल उपाध्यक्ष बबिता वर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने से प्रेरणा मिलती है। अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम से विरोधियों की नींद हराम हों गई हैं। शक्ति केन्द्र संयोजक प्रदीप कुमार शाक्य ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद जनता में एक शक्ति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि मोदी की आज दुनिया में एक अलग छाप है। उन्होंने कहा कि आज भारत के सभी देशों से रिश्ते अच्छे हैं। इस दौरान मण्डल उपाध्यक्ष बबिता वर्मा, शिव कुमार शाक्य, शक्ति केन्द्र संयोजक प्रदीप कुमार शाक्य, अरशद मंसूरी, भारतीय मोदी आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद वसीम मंसूरी, मुन्नालाल वर्माए, रागिनी वर्मा, सुषमा शाक्य, सुधीर मिश्रा, मेवाराम शाक्य, सोनाली वर्मा, आमना मंसूरी, आयशा वर्मा आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एफ0एस0डी0ए0 ने छापेमारी कर संग्रहित किये चार नमूने

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



किराना दुकान पर नमूना संग्रहित करती टीम — समृद्धि न्यूज

**एफ0एस0डी0ए0 द्वारा** छापेमारी कर जांच हेतु नमूने संग्रह किये गये। इस दौरान छापामार कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। कई दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद खिसक गये।

जानकारी के अनुसार रविवार को जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह के निर्देश पर आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराये जाने के लिए मिलावट पर प्रभावी रोकथाम के उद्देश्य से व शिकायत निस्तारण के क्रम दिनांक 27 व 28 जनवरी को मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशुतोष रायके नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ0 शैलेंद्र रावत व अरुण मिश्र द्वारा छापामार कार्यवाही की गयी। छोटी जेल चौराहा फतेहगढ़ पर स्थित अंकित कटियार पुत्र नीरज कटियार के खाद्य प्रतिष्ठान अमन किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ सरसों का तेल (पैक्ड) ब्राण्ड बैल कोल्हू का नमूना वास्ते जाँच संग्रहित किया गया। यहीं पर स्थित कौशल किशोर पुत्र सर्वेश कुमार के खाद्य प्रतिष्ठान किराना स्टोर से खाद्य पदार्थ मूँगफली दाना का नमूना वास्ते जाँच संग्रहित किया गया। सेन्ट्रल जेल चौराहा फतेहगढ़ पर स्थित बृजेश कटियार पुत्र इकरसानन्द निवासी कीरतपुर याकूतगंज की दो पहिया वाहन पर फेरी से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना वास्ते जाँच संग्रहित किया गया। सेन्ट्रल जेल चौराहाए पर स्थित अनुज कुमार पुत्र दिनेश कुमार निवासी धनसुआ सेन्ट्रल जेल की दो पहिया वाहन पर फेरी से खाद्य पदार्थ मिश्रित दूध का नमूना वास्ते जाँच संग्रहित किया गया।

# महिला को मारपीट कर बेघर करने के मामले में मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** महिला को प्रताड़ित कर घर से निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पीड़िता अनामिका मिश्रा उर्फ गोल्डी पुत्री ओंकार मिश्रा पत्नी विवेक कुमार अग्निहोत्री निवासी बेवर रोड ग्राम धन्सुआ कोतवाली फतेहगढ़ ने कहा कि मेरी शादी विवेक अग्निहोत्री पुत्र मुन्ना सागर अग्निहोत्री निवासी दुर्गा कालोनी भोलेपुर फतेहगढ़ के साथ दिनांक 25 नवंबर 2017 को हुई थी। शादी के बाद से ही मेरे ससुरालीजन अतिरिक्त दहेज में चार पहिया वाहन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर मेरे साथ मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। यातनायें देने के चलते मेरी तबियत खराब हो गयी। जिससे मिसकैरेज भी हो गया और पीड़िता के बच्चे होने बंद हो गये। मेरे पति ने आई0बी0एफ0 के द्वारा इलाज कराने के लिए मेरे पिता से 5 लाख रुपये मांगे। मेरे पिता गरीब होने के चलते 5 लाख रुपये का इंतजाम नहीं कर सके। जिसके चलते 7 जनवरी को मेरे ससुर मुनना सागर अग्निहोत्री पुत्र रामचंद्र अग्निहोत्री ने मारपीट व गाली-गलौज करके मुझे घर से निकाल दिया तथा मुझे जान से मारने की धमकी दी तथा मेरे सारे जेवरात उतारकर अपने पास रख लिये। मेरी ननद रुबी शुक्ला पत्नी प्रशांत कुमार शुक्ला निवासी ग्राम बलीपट्टी तहसील अमृतपुर एवं शिल्पी अवस्थी पत्नी अनूप कुमार अवस्थी निवासी गंगा नगर कालनी भी मेरे पति व ससुर को मेरे खिलाफ भड़काती हैं। जिससे मेरे पति आये दिन मेरे साथ मारपीट करते हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## खबरें चलते-चलते

### नशे में धुत युवकों ने ढाबे पर की तोड़फोड़, कर्मचारियों को पीटा

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** फैजबाग शमसाबाद मार्ग पर स्थित पटेल ढाबा पर बीती रात्रि बाइकों पर सवार लगभग दर्जन भर नशेड़ी युवक खाना खाने पहुंचे। युवकों ने खाने का आर्डर दिया, तो कर्मचारियों ने खाना खिलाया। आरोप है खाना खाने के बाद आरोपी शराब के नशे आपस में ही भिड़ने लगे। वाद-विवाद के बीच कुर्सियां चलने लगी, तो कई कुर्सियां टूट गई। कर्मचारियों द्वारा बीच बचाव करते हुए विरोध किया गया, तो आरोपी युवकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। कर्मचारियों ने ढाबा संचालक सुमित गंगवार निवासी कुइयाखेड़ा को घटना की सूचना दी। ढाबा संचालक ने सूचना कस्बा फैजबाग पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। ढाबा संचालक के अनुसार आरोपियों द्वारा गाली-गलौज तथा मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। साथ ही कुर्सियों को तोड़ा गया। चौकी प्रभारी फैजबाग जे0के0 पटेल ने बताया ढाबे पर खाना खाने तथा पैसे मांगने को लेकर विवाद होने की मौखिक सूचना दी गई थी। पुलिस को भेजा गया था। उन्होंने यह भी बताया कि तहरीर नहीं मिली है। मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### कुत्ते से बाइक भिड़ी, युवक घायल

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के कस्बा राजपुर स्थित हीरो मोटरसाइकिल एजेंसी के निकट कुत्ते और बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें बाइक सवार राकेश पुत्र नत्थू गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है की घायल युवक गूजरपुर पमारान से साप्ताहिक बाजार कर बाइक से अपने घर गलारपुर जा रहे थे। इस दौरान सड़क पर अचानक कुत्ता आ जाने के कारण बाइक अनियंत्रित होकर कुत्ते से टकरा गई। वहीं कुत्ते की मौके पर मौत हो गई तथा बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की मौके पर भीड़ जुट गई। आनन-फानन में ग्रामीणों द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मौके पहुंची थाना अध्यक्ष में मीनेश पचौरी ने घायल युवक को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर भेजा। डॉक्टरों ने गंभीर हालत को देखते हुए युवक को जिला अस्पताल राम मनोहर लोहिया रेफर कर दिया। वहीं युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

### पुलिस ने सटोरिया को दबोचा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कस्बा चौकी इंचार्ज विद्या सागर तिवारी मय हमराह कांस्टेबिल राजकुमार के साथ गस्त करते हुए नगर की जामा मस्जिद चौराहे पर पहुँचे, तभी मुखबिर खास ने आकर सूचना दी एक व्यक्ति पानी की टंकी के पास पटवन गली में सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। जिस पर पुलिस ने दविश देकर उसे दबोच लिया। पकड़े गये व्यक्ति का नाम पता पूछने पर उसने अपना नाम ध्रुव पुत्र सुशील कुमार निवासी मोहल्ला बजरिया रामलाल बताया। जामा तलाशी के दौरान उसके दाहिने हाथ में 280 रुपये व सट्टा पर्ची व एक कलम व पहने जीन्स की पेन्ट की दाहिनी जेब से 300 रुपये बरामद हुए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

### युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर लगायी आग, हालत गंभीर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर लगाई आग लगा ली। जिससे वह गम्भीर रुप से झुलस गया। उसे इलाज के लिए लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बंगशपुरा कोहना निवासी संजीव पुत्र गिरीशचंद्र ने रविवार को अपने ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। जिससे वह गम्भीर रुप से झुलस गया। उसे परिजनों ने लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं घायल की बहन रीना ने भाभी रश्मि पत्नी राजीव कुशवाहा पर एक मुस्लिम युवक से भाई को प्रताड़ित करवाने का आरोप लगाया है। इसी बात से परेशान होकर मेरे भाई ने पेट्रोल डालकर आग लगायी है। फिलहाल युवक की हालत गम्भीर बनी हुई है।

# लाखों की नकदी व जेवर के साथ युवक युवती को लेकर हुआ फरार

- 21 जनवरी को हुई थी गोद भराई, शीघ्र होने वाला था विवाह
- पीड़ित की तहरीर पर पिता-पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**थाना क्षेत्र** के एक गांव निवासी एक पिता ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा उसकी 21 वर्षीय पुत्री जिसका विवाह होना सुनिश्चित हुआ था। 21 जनवरी को गोद भराई हुई थी। विवाह की सारी तैयारियां की गई थी। पीड़ित पिता के अनुसार 24 जनवरी की रात्रि पुत्री परिवार के लोगों के साथ सोई थी। 25 जनवरी की रात्रि आरोपी अंकुल पुत्र ताराचंद उर्फ रमेश निवासी दलेलगंज थाना शमसाबाद जो रात्रि के किसी पहर पुत्री को बहला फुसलाकर भाग ले गया। साथ ही एक लाख की नगदी विवाह कार्यक्रम के लिए थी को भी ले गया। सोने चांदी के आभूषणों में सोने का बृजबाला, एक सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, चांदी का गुच्छा, एक जोड़ी पायल भी ले गया। घटना की जानकारी होने पर जब पुत्री की खोजबीन की गई तो पता चला का आरोपी ही उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले गया। पीड़ित पिता के अनुसार जब पीड़ित पूर्व ग्राम प्रधान के साथ 25 जनवरी को आरोपी के घर पहुंचा तथा शिकायत करते हुए पुत्री को वापस दिलाने की बात की, तो आरोपी के पिता ने पुत्री को वापस दिलाने का आश्वासन दिया। आरोप है 27 जनवरी को जब पुनः शिकायत की गई तो आरोपी के पिता ने धमकी देते हुए कहा वह पुत्री को नहीं लौटायेंगे, जो करना हो कर लो। पीड़ित ने आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने आरोपी के खिलाफ धारा 366 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।

# भारती कृषक एसोसिएसन की बैठक में छायी रहीं समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**



बैठक में मौजूद किसान नेता — समृद्धि न्यूज

**भारती कृषक** एसोसिएशन की जनहित में जनसमस्याओं को लेकर पंचायत प्रांतीय महासचिव मुन्नालाल सक्सेना के आवास मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज पर हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रताप सिंह गंगवार द्वारा की गई। पंचायत में कहा गया कि जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी को कई बार मांगपत्र प्रस्तुत किए गए कि कायमगंज में यह दुकान साप्ताहिक बाजार बंदी रविवार को होनी चाहिए। वर्करों से दुकान मालिक, तंबाकू आढ़ती, गोदाम मालिक काम लेते हैं। रविवार की ड्यूटी न करने पर कर्मचारियों की मजदूरी/वेतन काट लिया जाता है तथा अपमानित किया जाता है। श्रम परिवर्तन अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही कर पुलिस द्वारा बाजार बंदी कराई जाए। पंचायत में रागिब हुसैन खान ने कहा कोई भी खाद्य पदार्थ खाने योग्य नहीं है। राशन में चावल, गेहूं मिलता है उसमें मिट्टी कंकड़ की मिलावट हो रही है। राशन का कहीं पर भी सैंपल लेकर कार्यवाही नहीं हो रही है। काली दाल रंगीन पॉलिस युक्त बिक रही है। आटा, बेसन, दूध दही व देशी घी के नाम तमाम ब्रांड वनस्पति चर्बी युक्त बिक रहे हैं। जो खाने योग्य नहीं हैं। यह सब खाद्य विभाग की सहमति मोटी सुविधा शुल्क लेकर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा बिकवाये जाते हैं। प्रताप सिंह गंगवार ने कहा कि नगर कायमगंज में अतिक्रमण की समस्या व कटखने बंदरों की समस्याएं, नालियां पूरे कस्बे में गंदगी से भरी पड़ी है। बैठक में रामवीर जाटव, महासचिव मुन्नालाल सक्सेना, कानपुर मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह गंगवार, जिला प्रभारी रागिब हुसैन खां, विनीत कुमार मीडिया प्रभारी, विजय, चंद्र सिंह जाटव, महिपाल, श्योराज, वीरेंद्र आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



रोते बिलखते मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**संदिग्ध** परिस्थितियों में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गयी। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार गांव भोजपुर के मजरा ढपलपुर में रविवार दोपहर करीब दो बजे मुफीद खां ने अपने ही घर में जो गांव के अन्दर खाली पड़ा था। उसी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब देर तक मुफीद घर नहीं आया, तो पत्नी रूखसाना ने अपने देवर से कहा की पति को तलाश कर लाओ। तुम्हारे भाई ने अभी खाना नहीं खाया। जब देवर सानू ने पता किया तो बताया कि गांव के अंदर पुराने मकान का दरवाजा खुला है। जब सानू ने जाकर देखा तो उसका भाई मुफीद रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका है। जिससे परिजनों में चीख पुकार मच गयी। सभी ने शव को उतरकर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरु कर दी, तभी पुलिस पहुंच गयी। गांव के प्रधान भुवन चन्द्र बरतरिया व अन्य गांव के लोगों ने पुलिस से कार्यवाही न करने की बात कही। मृतक चार भाई है। मृतक अपने भाईयों मे सबसे बड़ा था। एक बहन हैष मां परवीना का रो-रो कर बुरा हाल है।

**आरोप** — मायके पक्ष के लोगों ने हत्या कर शव फांसी पर लटकाने का लगाया आरोप

# महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**



जांच पड़ताल करती फॉरेंसिक टीम — समृद्धि न्यूज

**थाना क्षेत्र** के गांव लभेड़ा में नवविवाहिता सीमा पत्नी शनि उम्र 21 वर्ष ने रविवार सुबह करीब 10 बजे कमरे में छत के हुक में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने बताया कि उसने अपनी पुत्री की शादी 10 माह पूर्व शनि के साथ की थी। ग्रामीणों ने थाना पुलिस व मृतका के परिजनों को सूचना दी, तो परिजन मौके पर पहुंचे। पिता ने हत्या का आरोप लगाते हुए बताया कि उनका दामाद आए दिन दहेज की मांग करता था। वहीं मृतका के पिता ने बताया कि वह अपनी पुत्री के घर 3 दिन पहले गये थे तथा 25000 रूपए देकर वह अपनी दूसरी रिश्तेदारी थाना क्षेत्र के गांव लीलापुर चला गया था। पिता ने बताया कि सुबह उसे सूचना मिली की पुत्री ने फांसी लगा ली है। पिता ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर थाना अध्यक्ष मीनेश पचौरी, चौकी इंचार्ज, नायब तहसीलदार अतुल कुमार पहुंचे तथा जांच पड़ताल की। मृतका के ससुर बीमार अचेत अवस्था में पड़े मिले। जिन्होंने बताया कि उन्हें बीते दिन लकवा मार गया था। वह अपनी बहू से पानी मांगने के लिए उठे तो उसने आवाज नहीं सुनी, तो वह गेट के पास पहुंचे और गेट न खुला होने पर उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया, तो गेट तोड़ा गया। मौके पर पहुंची थाना अध्यक्ष ने फील्ड यूनिट टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने जांच कर शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा। वहीं मृतका की सास राजेश्वरी मौके पर मिली। पति घर से भाग गया था। चौकी इंचार्ज, नायब तहसीलदार अतुल कुमार ने पंचनामा की कार्रवाई कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना अध्यक्ष ने बताया है कि तहरीर मिलने के पर कार्रवाई की जाएगी।

# भरतमुनि स्मृति दिवस मनाये जाने को लेकर हुई चर्चा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कला एवं** साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बैठक का आयोजन हुआ। गत कार्यवाही की पुष्टि, एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा की समीक्षा और आगामी कार्यक्रम भरतमुनि स्मृति दिवस को धूमधाम के साथ मनाएं जाने पर विचार विमर्श किया गया।

रविवार को नगर के वृंदावन गली स्थित भरतमुनि स्मृति दिवस कार्यक्रम की संयोजक प्रीति तिवारी के निवास पर आयोजित बैठक का शुभारंभ भगवान नटराज का आवाह्न कर संस्था के ध्येय गीत से हुआ। सुरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि एक भारत श्रेष्ठ भारत यात्रा में जन सहभागिता अच्छी रही। सामाजिक संस्थाओं और विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, कला साधकों ने पूरे उत्साह के साथ सम्मिलित होकर सफल बनाया। उन्होने यात्रा के संयोजक अमन अवस्थी और टीम को बधाई दी। आगामी कार्यक्रम भरतमुनि स्मृति दिवस को धूमधाम साथ मनाएं जाने पर चर्चा की गई। संयोजक प्रीति तिवारी ने कहा कि कार्यक्रम को अच्छे से करने का पूरा प्रयास रहेगा। इकाई के साथ बैठक कर रणनीति बनाएंगे। नाटक नारी प्रधानता, सामाजिक समरसता, पर आधारित करने का प्रयास होगा। अध्यक्षता कर रहे दीपक रंजन सक्सेना ने कहा कि हम सभी को कला और देश को समर्पित होकर कार्यक्रम को योजना के साथ करना चाहिए। संचालन सचिव दिलीप कश्यप ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ0 नवनीत गुप्ता, अर्पण शाक्य, गौरव मिश्रा, अखिलेश पाण्डेय, राम अवतार शर्मा इंदु, राज गौरव पाण्डेय, आदेश अवस्थी, समरेंद्र शुक्ल, आकांक्षा सक्सेना, अमन अवस्थी, अरविन्द दीक्षित, शिवम दीक्षित, डॉ0 सर्वेश श्रीवास्तव, साधना श्रीवास्तव, प्रीतू वर्मा, चित्रा अग्निहोत्री, शशिकांत पाण्डेय, भारती मिश्रा, सुनीता सक्सेना, अर्चना द्विवेदी, संजय गर्ग, राम मोहन शुक्ल आदि लोग उपस्थित रहे।



संस्कार भारती की बैठक में मौजूद पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**गंगा पार** महात्मा गांधी इंटर कॉलेज राजेपुर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रुप में विधायक सुशील शाक्य, पूर्व ब्लाक प्रमुख भास्कर दत्त द्विवेदी रहे। प्रधानाचार्य अनिल कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त कर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रधानाचार्य श्रवण कुमार पांडेय, केपी सिंह, महेश्वर सिंह, दिनेश प्रकाश सिंह, प्रदीप सिंह, रामानंद ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये। छात्रों द्वारा देशभक्ति के गीत प्रस्तुत किए गए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र से आए हुए पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया गया।


कार्यक्रम को सम्बोधित करते विधायक सुशील शाक्य

## खबरें एक नजर में

### 16वीं शरीफ पर कुल के साथ चादर पेशी व लंगर का हुआ आयोजन


लोको दरगाह पर मौजूद सज्जादा नसीन व अकीदतमंद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** शहर की ऐतिहासिक व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल फतेहगढ़ लोको स्थित दरगाह हज़रत मखदूम शाह सैयद शहाबुद्दीन औलिया अलैहि रहमा में शाबान महीने का माहाना कुल 16वीं शरीफ़ रविवार दोपहर में नमाज ज़ुहर खानकाह पर कुरान ख्वानी के साथ एहतमाम जिसमे बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए। साथ ही तकसीमे लंगर हुआ। जिसमें उलेमा मौलाना आरिफ व तुलाबा जामिया चिश्तिया ने बेहतरीन अंदाज में कुरान पाक की तिलावत की। लोगों ने अपने अपने तरीके से फूल व चादर चढ़ाकर अपनी अकीदत पेश कर खानकाह मे दुआएं मांगी। रहमत बरसते है अनवार मदीने में आबाद है नबियों का सरदार मदीने में। किसी बशर को दवाम यूं तो जहां में हासिल हुआ नहीं है मगर मिटा है जो राहे हक़ में कभी भी उसको फना नहीं है। सदारत नायब सज्जादा नशीन शाह मुहम्मद वसीम चिश्ती साबरी मुजद्दिदी ने की। उनकी सरपरस्ती में जायरीन ने फूल व चादर चढ़ाई और अकीदत पेश की और अमन चैन की दुआ की। इस मौके पर आसिफ़ साबरी, फजल साबरी, मुहम्मद साद, बिलाल साबरी, शिवम कुमार आदि मौजूद रहे।

### पुलिस ने छापेमारी कर तीन वारंटियों को दबोचा

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** अपराधों पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में कोतवाली पुलिस द्वारा वारंटियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत अलग-अलग मामलों में काफी समय से वांछित चल रहे 03 वारंटियों को छोपमारी कर हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है। रविवार को उच्चाधिकारियों के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में कोतवाली के उपनिरीक्षक रावेंद्र सिंह, राजेश प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल हरिशंकर, दीपांशु गंगवार, विपुल कुमार ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे 03 वारंटियों सर्वेश पुत्र बच्चन लाल निवासी ग्राम खुदलापुर, प्रवीण उर्फगौरीश पुत्र कृष्ण चंद्र बाजपेई निवासी मोहल्ला रामकृष्ण नगर, विपिन कुमार उर्फशिव सिंह निवासी ग्राम आलमपुर को हिरासत में ले लिया। जिसके बाद उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेजा गया।

### मां-बेटे को मारपीट कर किया घायल

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते परिवार के ही एक युवक नें मॉ बेटे के साथ अभद्रता व मारपीट कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र ग्राम भवानीपुर अनौगी निवासी अजय पुत्र विजय बहादुर सिंह द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि बीते शनिवार की शाम उसके परिवार का ही एक युवक आया और गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी बचाव में आई उसकी मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा घायल महिला को अस्पताल में भर्ती करानें के उपरान्त कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### महिला पर जानलेवा हमला कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते महिला के साथ एक युवक नें घर में घुसकर अभद्रता व मारपीट करते हुए धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया तथा धमकी भी दी। पीड़िता ने कोतवाली निरीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्र के ग्राम जयसिंह पुर्वा निवासी रिंकी देवी पत्नी संजय उर्फसंदीप द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर में कहा गया है कि शनिवार की शाम वह अपने घर में थी। तभी रिश्तेदारी में आये युवक ने उसके घर में घुसकर अभद्रता शुरू कर दी। जिसका विरोध करने पर उक्त युवक नें धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। बचाव करने आई उसकी मां को भी मारपीट कर घायल कर दिया ओर जान से मारनें की धमकी दी। पीडिता की तहरीर पर प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा ने आरोपी को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# मेला रामनगरिया में ध्वजारोहण के साथ ज्ञान ज्योति महोत्सव का हुआ शुभारम्भ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**आर्य सामज** के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के उपलक्ष्य में जिला आर्य प्रतिनिधि सभा के तत्वावधान में मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र में आयोजित ज्ञान ज्योति महोत्सव का भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह व भारतीय सेना के पूर्व कैप्टन सर्वेश सिंह यादव ने ध्वजारोहण कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती महान समाज सुधारक व राष्ट्रीय चिंतक थे। संयोजक डॉ0 शिवराम सिंह आर्य, डॉ0 हरिदत्त द्विवेदी व मुन्ना यादव आदि ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्मृतिचिन्ह भेंट किया। षट दर्शन अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत सोमवारपुरी महाराज व शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री साथ रहे। उन्होंने बताया कि 28 दिन तक चलने वाले इस आयोजन में देश के कोने-कोने से आर्य विद्वान व गुरुकुलों के आचार्य कल्पवासियों के बीच वैदिक धर्म का प्रचार-प्रसार करेंगे। शिविर में संत सम्मेलन, महिला सम्मेलन व राष्ट्र रक्षा आदि सामाजिक विषयों को लेकर विविध सम्मेलनों व गोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। यज्ञ आचार्य ओमदेव शास्त्री व हरिओम शास्त्री ने सम्पन्न कराया। यजमान प्रमोद यादव के साथ सैकड़ों कल्पवासियों ने आहुतियां प्रदान कर परमात्मा से सुख संवृद्धि की कामना की। धनीराम बेधड़क व उदिता आर्या ने ईश्वर भक्ति के गीत सुनाए। कार्यक्रम में लालराम आर्य, मुन्नालाल राठौर, सुरेश चंद्र वर्मा, रामावतार वर्मा, डॉ0 हरिनंदन सिंह, अमीचंद शास्त्री, आदित्य सिंह आर्य, सुरेंद्र आर्य, स्वामी श्यामानंद, महंत लखन गिरी, उदयराज आर्य, रेशमा दासी, मीरा शास्त्री, रत्नेश द्विवेदी, रेनू आर्या, शालिनी आर्या आदि उपस्थित रही।


ध्वजारोहण के दौरान मौजूद चन्द्रदेव शास्त्री व अन्य

# देश की तरक्की व खुशहाली के लिए मिलजुल कर करें कार्य: अंजू मल्ल


तिरंगा झण्डे के साथ प्रधानाचार्य व बच्चे — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सेन्ट पॉल्स** सिटी चर्च स्कूल नेकपुर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर प्रधानाचार्य अंजू मल्ल ने झण्डारोहण किया और बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया। साथ ही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने देश भक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी और बच्चों ने कविता सुनाई। प्रधानाचार्या अंजू मल्ल ने कहा कि सभी लोग मिलजुलकर देश की खुशहाली व प्रगति के लिए कामना करें और देश की तरक्की में सहयोग करें। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकायें व बच्चे मौजूद रहे।

# काशीराम कालोनी में कई ब्लाकों में नहीं आ रही लाइट, सौंपा ज्ञापन


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते लोग — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काशीराम कालोनी में बिजली न आने के कारण वहां के वाशिंदे परेशान है। जिसको लेकर कालोनी के लोगों ने फतेहगढ़ जाकर प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। एक ब्लाक से लेकर 81 ब्लाक नम्बर तक लाइट दी जा रही है। जबकि 21 से लेकर 35 ब्लाक नम्बर की आपूर्ति काट दी गई है। इन 15 ब्लाकों में 200 परिवार से ज्यादा लोग रहते है। अधिकारियों से मांग की गई कि विद्युत व्यवस्था ठीक करायी जाये। लाइनमैन गौतम सही करने के नाम पर 20-20 रुपये एकत्र करने को कहता है और 500 व 300 रुपये लेकर ही लाइट सही करता है। समस्त कालोनी के लोग लाइट न आने से परेशान है। शीघ्र विद्युत व्यवस्था को सुचारु रुप से चलाने के लिए ज्ञापन सौंपा।

# छात्राओं को निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट का कराया गया भ्रमण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला गंगा** समिति के तत्वाधान में नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत विद्यालय में चलाये जा रहे जन जागरूकता कार्यक्रम के तहत राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं को निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट, गंगा नदी एवं अन्य क्षेत्रों का भ्रमण कराया गया। भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित सभी छात्राओं को विस्तार रूप से अपनी गंगा मां एवं अन्य नदियों को बचाने के लिए जागरूक किया गया। निर्माणाधीन एसटीपी प्लांट की प्रक्रिया को समझाते हुए दूषित जल को गंगा नदी में जाने से रोकने एवं दूषित जल को शुद्ध करने की प्रक्रिया को समझाया गया। एसटीपी के प्रभारी गौरव शुक्ला के द्वारा एसटीपी प्लांट का भ्रमण कराया गया। छात्राओं को गंगा नदी का भ्रमण भी कराया गया। जहां पर गंगा नदी से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। पोस्टर व पम्लेट के माध्यम से छात्राओं को गंगा नदी के महत्व के बारे में समझाया गया। छात्राओं ने मिलकर गंगा घाट पर स्वच्छता अभियान भी चलाया। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि हमारी नदियां हमारे जीवन के लिए कितनी महत्वपूर्ण है। बिना नदियों के हमारा जीवन संभव नहीं है। धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि आर्थिक व सामाजिक दृष्टि से भी नदियों का बहुत महत्वपूर्ण स्थान रहा है। नदियों के द्वारा कई लोगों को रोजगार उपलब्ध होते हैं, लोग अपनी आजीविका का विकास करते हैं। कार्यक्रम में सिंचाई विभाग, जल निगम विभाग आदि से अधिकारीगणों की उपस्थिति रही।


गंगा संरक्षण की शपथ लेते युवा — समृद्धि न्यूज

# बूथ संख्या 320 पर सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा के पूर्वी मंडल शक्ति केंद्र नरकसा बूथ संख्या 320 पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक/दिव्यांग बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी, जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना, वैभव अवस्थी व बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे। बूथ संख्या 321 पर पन्ना प्रमुखों की बैठक लेते हुए जिला उपाध्यक्ष ममता सक्सेना ने कहा कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तर पर रहने वाले सभी लोगों को सक्रिय रहने व मतदाताओं से संपर्क कर सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने को कहा। अभिषेक त्रिवेदी ने कहा कि मोदी के चुनाव में हर बूथ पर मतदाताओं से सम्पर्क कर प्रदेश व केंद्र सरकार के लाभार्थियों से संपर्क कर पार्टी से जोड़ना होगा। बूथ पर रहने वाले दिव्यांग जनों की पेंशन के फॉर्म ऑनलाइन कराकर पेंशन बनवाने का काम, वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों को पेंशन दिलाने की योजना बताना है।


प्रधानमंत्री के मन की बात सुनते भाजपा नेता

# शीतगृह संघ की बैठक में साधारण आलू 240 व सुगर फ्री आलू 270 रुपये प्रति कुंटल किराया निर्धारित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शीतग्रह संघ** की बैठक कायमगंज वाईपास रोड स्थित मनोज रस्तोगी के लक्षमन फार्मस पर सम्पन्न हुई। सर्वसम्मति से भण्डारण सत्र 1 फरवरी 2024 से 31 अक्टूबर 2024 के लिए सलाहकारी भण्डारण शुल्क 240 रुपये प्रति कुंटल व सुगर फ्री आलू भण्डारण का शुल्क 270 रुपये प्रति कुंटल निर्धारित किया गया। अध्यक्ष अजय गंगवार सन्नू बाबू ने बताया कि प्रति वर्ष 10 रुपये कुंटल की बढ़ोत्तरी होती है। पिछले वर्ष यह बढ़ोत्तरी नहीं हुई थी। इस वर्ष सभी कोल्ड स्टोरेज संचालकों की सहमति से 240 रुपये कुंटल सामान्य आलू भण्डारण व 270 रुपये सुगर फ्री आलू भण्डारण शुल्क निर्धारित किया गया है। सचिव उमेश अग्रवाल, मनोज रस्तोगी सहित सभी कोल्ड स्टोरेज संचालकों ने सहमति प्रदान की। इस मौके पर किशोरी लाल वर्मा, महेन्द्र कटियार, सालिगराम तिवारी, जितेन्द्र सिंह, आशीष बाजपेयी, आकाश गुप्ता, रोहित चतुर्वेदी, मोहन अग्रवाल, सुनील कटियार सहित बड़ी संख्या कोल्ड स्टोरेज संचालक मौजूद रहे।



शीतगृह संघ की बैठक को सम्बोधित करते अध्यक्ष अजय गंगवार सन्नू — समृद्धि न्यूज

# क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक की जन्म शताब्दी पर करणी सेना ने श्रद्धासुमन किये अर्पित

- समाज को वैचारिक तौर पर मजबूत करने का आवाहन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेला श्रीराम** नगरिया में प्रशासन की तरफ से करणी सेना को कार्यालय उपलब्ध कराया गया। करणी सेना ने मेला कार्यालय पर क्षत्रिय युवक संघ के संस्थापक तन सिंह की जन्म शताब्दी पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गये।

मेला श्रीराम नगरिया में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना जिलाध्यक्ष मंथन ठाकुर के नेतृत्व में रविवार शाम कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राजस्थान के बाडमेर से छह बार के विधायक रहे क्षत्रिय युवक संघ की स्थापना करने वाले तन सिंह की जन्म को 100 वर्ष पूरे हुए। संगठन संरक्षक महेश पाल उपकारी के साथ पदाधिकारियों ने पुष्प अर्पित किए। मंथन ठाकुर ने कहा कि आने वाले समय में मेला श्रीराम नगरिया में संगठन कल्पवासियों की समस्या सुनने के लिए हर राऊटी तक पहुंचेगा। साथ ही उनके निराकरण के लिए हर प्रभावी कदम उठाया जाएगा। इस दौरान जीतेन्द्र चौहान, विक्की ठाकुर, शिवम् सिंह, सोनू परिहार, शिवदेश सिंह, जानू ठाकुर, अमन राठौर, हिमांशु सोमवंशी, गोलू सिंह, शिवम् राठौर, अर्पण राणा, राहुल वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।



तन सिंह को पुष्प अर्पित करते करणी सेना के लोग

**स्वागत** — नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष गयालाल श्रीवास्तव का किया गया स्वागत

# कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न मिलने पर सविता समाज ने जतायी खुशी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सविता समाज** उत्थान समिति की बैठक का आयोजन प्रदेश अध्यक्ष गयालाल श्रीवास्तव के निवास पर सम्पन्न हुई। अध्यक्षता सीपी सिंह ने की। संचालन श्रीराम श्रीवास्तव ने किया। बैठक में लोगों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभाम्भ मां सरस्वती व कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर शुरु किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा नेता व अन्य लोगों ने भाग लिया। भाजपा के जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता, पश्चिमी मण्डल विकास पाण्डेय, उधन सिंह राजपूत, प्रमोद मिश्रा, अनुज मिश्रा, रामकिशन दीक्षित, प्रबल त्रिपाठी, महेन्द्र श्रीवास्तव, अनिल कश्यप, ओमबाबू बाथम, दिनेश चन्द्र, गणेश चन्द्र, राजेन्द्र कुमार, उपदेश कुमार, आशाराम, राजेश निराला, वेदराम, रामचन्द्र, अरविन्द कुमार, अनिल श्रीवास्तव, देवीदयाल, रामसागर, राजपाल फौजी, मुन्नाबाबू, सोनू, अमित राठौर, दीपांशू, चन्द्रपाल, सुनील, शिवराज, पुनीत, दिनेश, सुरेन्द्र, अमित कुमार, चमन कुमार, रामतीर्थ, विमलेश, राकेश कुमार, पारस राम, पप्पू बाथम, पवन, अगनेलाल, देवेन्द्र प्रकाश, कृष्णमुरारी आदि लोगों ने विचार रखे। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास बाथम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न सम्मान मिलने पर प्रकाश डाला। राकेश कुमार श्रीवास्तव, रामऔतार राठौर, रामसिंह राठौर, अनिल श्रीवास्तव मौजूद रहे।


गयालाल श्रीवास्तव का स्वागत करते लोग — समृद्धि न्यूज

समृद्धि न्यूज़
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
समृद्ध समाज का आधार
लखनऊ, सोमवार, 29 जनवरी, 2024



गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अश्वनी चतुर्वेदी
प्रधानाध्यापक
प्रा०वि० अद्दूपुर
विकास खण्ड कायमगंज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
पूर्व प्रधान
जोगराज सिंह
ग्राम पंचायत कादरदादपुर, कायमगंज
क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने वाले एक मात्र प्रधान

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
डॉ0 अर्चना शर्मा
न्यायिक तहसीलदार
कायमगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रधान अनीता
प्रतिनिधि राजकिशोर
सचिव-हृदेश पाण्डेय
ग्राम पंचायत मुड़ौल, विकास खण्ड कायमगंज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
मनीष वर्मा
नायब तहसीलदार
कम्पिल, तहसील कायमगंज
विकास खण्ड शमशाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
पुष्पा देवी
पत्नी
जयसिंह जाटव
कोटेदार
ग्राम घसिया चिलौली, कायमगंज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
महेन्द्र सिंह
प्रधानाचार्य
उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रजलामई
विकास खण्ड शमशाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
संजय कुमार सिंह
जिलाधिकारी फर्रुखाबाद
यदुवंश वर्मा
उपजिलाधिकारी कायमगंज

C. P. VIDYA NIKETAN
A Day cum Residential, Co-ed School
Late Shri C.P. Agarwal
Founder
AFFILIATED TO CISCE, NEW DELHI
School Code: UP102
Let your child grow with us
For all round development
Happy Republic Day
26 January 2024
Admission Open
Session: 2024-2025
First Entrance Test:
25 Feb. 2024 (Sunday)
Second Entrance Test:
17 March 2024 (Sunday)
Kampil Road, Kaimganj
Farrukhabad - 209502
Mob.: 8004577758
Email: cpvnkaimganj@gmail.com
Mr. S.P. Agarwal
Manager
Dr. Mithlesh Agarwal
Director
Mr. R.K. Bajpai
Principal(EM)
Mr. Yogesh Tiwari
Principal(HM)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
अमर सिंह
प्रधान
ग्राम पंचायत बिल्सड़ी
कम्पिल, जनपद फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
26 January Republic Day
किशोर कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अहमदपुर देवरिया
जहानगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
26 January Republic Day
जाफना बेगम
ग्राम प्रधान
अशफाक खान
प्रधानपति
ग्राम पंचायत भटपुरा

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
प्रधान सायरा बेगम
प्रतिनिधि मुजम्मिल
प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत भड़ौसा
कमालगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
26 January Republic Day
रूबी देवी
ग्राम प्रधान
राजवीर पाल
प्रधानपति
ग्राम पंचायत देवरान गढ़िया

# कृष्णा देवी पी.जी. कॉलेज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस


झंडारोहण करतीं मुख्य अतिथि व मौजूद विशिष्ट अतिथि व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी बालिका पी.जी. महाविद्यालय आवास विकास में गणतंत्र दिवस का पर्व धूमधाम से मनाया गया। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समा बांध दिया। प्रधानाचार्या ने छात्राओं की हौसलाआफाई की तथा गणतंत्र दिवस के महत्व को बताया।

जानकारी के अनुसार आवास विकास स्थित कृष्णा देवी पी.जी. महाविद्यालय में मुख्य अतिथि समाजवादी पार्टी महिला सभा की प्रदेश अध्यक्ष शीबू श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि सपा जिलाध्यक्ष चंद्रपाल यादव तथा महाविद्यालय की उपप्राचार्या रीना कश्यप आदि ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। उप प्राचार्या ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर अरिमर्दन सिंह, अनुराग यादव, डॉक्टर रुबी यादव के अलावा महाविद्यालय के अन्य अध्यापक एवं अध्यापिकाओं व छात्राओं उपस्थित रहीं। मुख्य अतिथि ने सभी छात्राओं को शपथ दिलायी।

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
गरिमा राठौर
ग्राम प्रधान इसेपुर
रामवरन राठौर-प्रधान प्रतिनिधि
कमालगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
श्रीप्रकाश उपाध्याय
खण्ड विकास अधिकारी
कमालगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
विजय राठौर
वरिष्ठ लिपिक
ब्लाक कमालगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
सर्वेश कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत मूसाखिरिया
कमालगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
राममूर्ति यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत छीता कपूरापुर
सुधीर यादव उर्फ गुड्डू-प्रधान पति
कमालगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
26 January Republic Day
डा0 रामतीर्थ सिंह हॉस्पिटल
रेलवे बाईपास रोड
कमालगंज, फर्रुखाबाद
डा0 रुचि सिंह स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
मोबाइल नम्बर 9557875087, 8400652147
-:सुविधाएं:-
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, 24 घंटे आपातकालीन सेवा उपलब्ध,
रियायती दरों पर मरीजों का इलाज,

नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
नीलकंठ हास्पिटल
डाक्टर पैनल
आवास विकास
लोहिया अस्पताल के सामने फर्रुखाबाद
सुविधायें
जनरल सर्जरी - पित्त की पथरी, हार्निया, हाईड्रोशील
भगन्दर, पाईल्स, गुर्दे की पथरी, बच्चेदानी के ट्यूमर, रसौली, अपेन्डिस के आपरेशन
ऑपरेशन से बच्चा होने की सुविधा, नार्मल डिलीवरी, समस्त प्रकार की खून की जाँचों
की सुविधा समस्त प्रकार के ऑपरेशन रियाती दरो पर उपरोक्त सुविधायें उपलब्ध हैं।
गरीब मरीजों के इलाज में विशेष छूट।
डायरेक्टर -
डा. पूजा सिंह राठौर पत्नी गजेन्द्र सिंह
मो. 9839102679, 9450204732

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
योगेन्द्र कुमार
प्रतिनिधि सुमित कुमार
प्रधान पुत्र
ग्राम पंचायत सरफुद्दीनपुर
कमालगंज, फर्रुखाबाद

गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनायें
26 Happy Republic Day
रामसेवक
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शेखपुर रूस्तमपुर
कमालगंज, फर्रुखाबाद